नव प्रदेश

www.navpradesh.com | रायपुर, बुधवार 20 अक्टूबर 2021, शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-247 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

जिसका डर था वही बात हो रही है। कश्मीर घाटी में नब्बे के दशक की दहशतगर्दी का दौर दोहराने की कोशिश की जा रही है। आतंकियों ने कश्मीर में चुन-चुन कर गैर कश्मीरियों को निशाना बनाया जा रहा है और उन्हे कश्मीर छोड़कर चले जाने के लिए धमकाया जा रहा है। कश्मीरियत के नाम पर हिंसा का नंगा नाच करने वाले इन हैवानों के खिलाफ सबकी जुबान पर ताला लग गया है। मानवाधिकारों की दुहाई देने वाले कुंभकर्णीय नींद से जागने को तैयार नहीं है। केन्द्र सरकार कश्मीर में सेना को खुली छूट दे कि वह आतंकियों और उनके हिमायतियों को जहन्नुम रसीद करें।

सूर्योदय

उदय : 6:29 एम

अस्त : 5:53 पीएम

जनसंख्या

विश्व : 7,900,859,703

भारत : 1,397,926,418

बाजार

संसेक्स : 61765.59

निफ्टी : 18477.05

गोल्ड : 47,380 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 64,200 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.80 प्रति नग

दिवस

महर्षि वाल्मीकि जयंती

आज महर्षि वाल्मीकि जयंती है। महर्षि वाल्मीकि का वास्तविक नाम अग्नि शर्मा था। वाल्मीकि का शाब्दिक अर्थ वो है जो चींटी-पहाड़ियों से पैदा हुआ हो। उनकी तपस्या के दौरान उनके चारों ओर बनी विशाल चींटी-पहाड़ियों के रूप में उन्हें इस नाम से जाना जाने लगा। उन्हें महाकाव्य रामायण लिखने के बाद जाना जाता है। महर्षि वाल्मीकि की जयंती हिंदू चंद्र कैलेंडर के अश्विन महीने की पूर्णिमा को मनाई जाती है।

उत्तराखंड में बारिश से तबाही

अब तक 25 की मौत, सैकड़ों सैलानी फंसे

- भवाली और हल्द्वानी मार्गों की तरफतेज धार में बहता रहा पानी
- पिछले 14 घंटों से फंसे हुए थे 30 लोग, सेना ने उन्हें बाहर निकाला
- रामनगर स्थित रिजॉर्ट से 200 पर्यटकों को सुरक्षित बचाया गया

नैनीताल/ए.। उत्तराखंड में एक बार फिर बारिश, बादल फटने और अचानक आई बाढ़ की वजह से तबाही मची है। राज्य के कई हिस्सों में इस नई प्राकृतिक आपदा में अब तक 25 लोगों की मौत हो चुकी है। नैनीताल और अन्य क्षेत्रों से कई ऐसे वीडियो सामने आए हैं, जिसमें सड़कों और पुलों से पानी बहता दिख रहा है। यही नहीं रेल की पटरियां तक बह गई हैं। नैनीताल जिले के रामगढ़ इलाके में बादल फटने की खबर है और इस घटना में कई मजदूरों के बह जाने की आशंका जताई गई है। दूसरी ओर, कई ऐसे वीडियो आए हैं जिसमें दिख रहा है कि नैनी झील उफना गई है और सड़कों, कॉफी की दुकानों और आसपास के कई क्षेत्र पूरी तरह से जलमग्न दिखाई दे रहे हैं। नैनीताल के रामनगर में आर्मी के हेलिकॉप्टर की मदद से सुंदरखाल गांव में फंसे दो दर्जन से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नैनीताल पूरी तरह से कटा, रास्ते बंद

एक के बाद एक कई भूस्खलन की घटनाओं की वजह से इस प्रसिद्ध पर्यटन स्थल को जोड़ने वाली मुख्य सड़कें अवरुद्ध होने से नैनीताल उत्तराखंड के बाकी हिस्सों से पूरी तरह से कट गया है। कई जगहों पर राहत और बचाव कार्य जारी है। हालांकि मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि अगले 24 घंटे में कम बारिश होगी। इस बीच भारी बारिश की वजह से नैनीताल झील ओवरफ्लो होकर भवाली और हल्द्वानी दोनों मार्गों की ओर तेज धार में नदी की तरह बह रही थी। हालात ये हो गए थे कि कैंट की तरफजो दुकानें भवाली रोड पर थीं वहां 25 से 30 लोग पिछले 14 घंटों से फंसे हुए थे। उन्हें सेना की मदद से बाहर निकाला गया।

दुर्ग के 50 से अधिक लोग फंसे

दुर्ग से नैनीताल घूमने के लिए गए 50 से अधिक लोग वहां भूस्खलन की घटना के बाद फंस गए हैं। फंसे लोगों ने दुर्ग में रहने वाले अपने स्वजनों को मैसेज कर सिर्फइतनी जानकारी दी कि हेल्प चाहिए। इस मैसेज के बाद दुर्ग में रहने वाले स्वजन दुर्ग जिला प्रशासन के पास मदद के लिए पहुंच रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, भिलाई इस्पात संयंत्र सहित अन्य क्षेत्रों में काम करने वाले 50 से अधिक लोग अपने परिजनों के साथ नैनीताल घूमने गए थे। वे सभी गर्म पानी नामक जगह पर फंस गए हैं। फंसे लोगों में 44 महिलाएं 6 बच्चे व पांच पुरुष हैं। भूस्खलन के कारण और मोबाइल चार्ज नहीं होने से उनसे बात नहीं हो पा रही है।

कश्मीर में आतंक पर इस बार होगा करारा वार

हर तरफ चेक पोस्ट, चौबीसों घंटे अलर्ट पर सीआरपीएफ

श्रीनगर/ए.। जम्मू-कश्मीर में नागरिकों को निशाना बनाकर हो रहे आतंकी हमलो के बीच नागरिकों की सुरक्षा की खातिर अब सीआरपीएफ पहले से ज्यादा मुस्तैदी दिखाते हुए चौबीसों घंटे और सातों दिन ड्यूटी में लग गई है। गैर-कश्मीरियों और कश्मीरियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीआरपीएफ जवाब 24 घंटे ड्यूटी पर तैनात हैं। इस दौरान जगह-जगह न सिर्फ सर्च ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं बल्कि संदिग्धों की तलाशी भी ली जा रही है। इसके अलावा पूरे केंद्र शासित प्रदेश में वाहनों की तलाशी के लिए चेक पोस्ट भी बना दिए गए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लखीमपुर हिंसा : पुलिस ने जारी की छह तस्वीरें, पहचान बताने वाले को मिलेगा इनाम

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी में हुई हिंसा के मामले में पुलिस की जांच तेजी से चल रही है। अभी तक केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा समेत दस लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आशीष के दोस्त सुमित जायसवाल की तहरीर पर भी दर्ज मुकदमे में पूछताछ शुरू हो गई है। पुलिस ने 12 लोगों को नोटिस भेजा था। सोमवार को पांच किसानों ने अपना बयान दर्ज कराया था। इस बीच मंगलवार को पुलिस ने हिंसा से संबंधित छह तस्वीरें जारी की हैं। इसमें लाठी डंडे लेकर पिटाई करते लोगों के बारे में जानकारी मांगी गई है। बताया जा रहा है कि थार जीप से हादसे के बाद की यह तस्वीरें हैं। इन तस्वीरों में कुछ लोग लाठी डंडे से जमीन पर गिरे लोगों को पीट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शर्लिन चोपड़ा पर राज कुंद्रा ने किया 50 करोड़ का मानहानि का केस

मुंबई/ए.। शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा ने- शर्लिन चोपड़ा पर 50 करोड़ का मानहानि का केस कर दिया है। राज कुंद्रा की पोर्न केस में गिरफ्तारी के बाद शर्लिन चोपड़ा अपने बयानों के चलते सुर्खियों में रहीं। उन्होंने राज कुंद्रा पर जबरदस्ती करने तक का आरोप लगाया था। इन सबके बाद शिल्पा और राज के वकील ने शर्लिन को वॉर्निंग दी थी, जिसके बाद शर्लिन ने शिल्पा और राज कुंद्रा पर मानसिक और सेक्शुअल हैरासमेंट की शिकायत दर्ज करवा दी थी। अब इसके जवाब में राज और शिल्पा ने उन पर मानहानि का केस कर दिया है।

कहा, शर्लिन चाहती हैं पैसा

पोर्न केस के बीच शर्लिन चोपड़ा और राज कुंद्रा के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कुंद्रा कपल ने शर्लिन पर मानहानि का 50 करोड़ रुपये का केस कर दिया है। उनके ऑफिशियल स्टेटमेंट के मुताबिक, शर्लिन चोपड़ा ने राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी पर जो भी आरोप लगाए हैं, वे झूठे, निराधार और मनगढ़ंत हैं। इन आरोपों का कोई सबूत नहीं है साथ ही शर्लिन ने ये सब पैसे की उगाही और राज-शिल्पा को बदनाम करने के लिए किया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हिंदुओं पर हमला करने वालों पर होगा एक्शन : पीएम हसीना

- पीएम शेख हसीना ने मंत्रियों को दिया आदेश

ढाका/ए.। बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना ने 19 अक्टूबर को गृहमंत्री से हिंदुओं के खिलाफ हिंसा करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई शुरू करने का आदेश दिया है। हसीना ने लोगो से तथ्यों की जांच किए बिना सोशल मीडिया पर किसी भी चीज पर भरोसा नहीं करने को कहा है। दुर्गा पूजा से बांग्लादेश में हिंदुओं के मंदिरों पर हमले बढ़ गए हैं। दुर्गा पूजा समारोहों के दौरान सोशल मीडिया पर कथित तौर पर ईशनिंदा करने वाला एक पोस्ट देखने को मिला था जिसके बाद से बांग्लादेश में एक भीड़ ने 66 मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया और कम से कम 20 मकानों को आग के हवाले कर दिया। सरकार के कैबिनेट सचिव खांडकर अनवारूल इस्लाम के हवाले से ढाका ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पीएम हसीना ने मंगलवार को सासाहिक कैबिनेट बैठक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हर्बल औषधि | **मुख्यमंत्री ने रायपुर के संजीवनी केन्द्र का किया निरीक्षण**

छत्तीसगढ़ के हर्बल उत्पाद ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर उपलब्ध

- संजीवनी केन्द्रों में 120 से अधिक प्रकार के उत्पादों का किया जा रहा है विक्रय

रायपुर/नवप्रदेश। अधिक छत्तीसगढ़ में न केवल लघु वनोपजों का संग्रहण किया जा रहा है बल्कि उनकी प्रासेसिंग कर अनेक प्रकार के हर्बल औषधि और उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। इन कार्यों से युवाओं और महिला स्व-सहायता समूहों को रोजगार भी उपलब्ध हो रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और सचिन राव ने आज राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट के समीप जी.ई रोड में हर्बल उत्पाद विक्रय केन्द्र संजीवनी का निरीक्षण किया। इन केन्द्रों में प्रसंस्करण इकाईयों से तैयार किए गए लगभग 120 प्रकार के हर्बल उत्पादों का मार्केटिंग एवं विक्रय की जानकारी ली।

केन्द्रों व राज्य में संजीवनी विक्रय केन्द्रों में उपलब्ध

गौरतलब है कि संजीवनी विक्रय केन्द्रों में राज्य के विभिन्न जिलों के निर्मित प्रमुख उत्पाद जैसे जगदलपुर जिला का काजू, चिरौंजी, महुआ तेल, कोण्डागांव जिला का तिखुर, ईमली चपाती, नारायणपुर का फूल झाड़ू एवं कांकेर का महुआ लड्डू शामिल है। इसी तरह भानुप्रतापपुर जिला का शहद, गरियाबंद जिला का सर्व ज्वर हर चूर्ण तथा बलौदाबाजार का जामुन जूस, आंवला कैंडी एव अन्य उत्पाद शामिल है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर



न्यूज गैलरी

80 लाख की लागत से खुर्सीपार के विभिन्न मार्गों का होगा सीमेंटीकरण, नालियों का भी किया जाएगा निर्माण

भिलाई (नव प्रदेश)। भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव ने खुर्सीपार वासियों को बड़ी सौगात दी है। क्षेत्र के विभिन्न मार्ग जो वर्षों से उपेक्षित पड़े हैं। उन सभी मार्गों का जल्द से जल्द सीमेंटीकरण किया जाएगा। सिर्फ यही नहीं क्षेत्र में कई नई नालियों का भी निर्माण किया जाएगा। करीब 80 लाख की लागत से खुर्सीपार क्षेत्र में सीमेंटीकरण और नाली निर्माण किया जाएगा। जिसके लिए विधायक देवेंद्र यादव ने शासन से स्वीकृति ले ली है। गौरतलब है कि भिलाई नगर विधायक लगातार वार्डों का निरीक्षण करते हैं। लोगों से मिलते है और उनकी समस्याओं को जानते हैं। लोगों के साथ वार्डों का निरीक्षण कर लोगों को हर जरूरी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास करते हैं। इसी कड़ी में जब वे खुर्सीपार वार्ड के विभिन्न क्षेत्र का लोगों के साथ वार्ड दौरा किए। तब विभिन्न क्षेत्र के लोगों ने अपनी समस्याएं बताई थी और कई जगह लोगों ने सड़क सीमेंटीकरण और नाली निर्माण की मांग की थी। जनता की मांग को विधायक ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल अधिकारियों को निर्देशित कर इस्टीमेंट तैयार करने का निर्देश दिए थे। जिसके बाद विधायक ने पहल की और विभिन्न सड़कों का सीमेंटीकरण कराने और नाली निर्माण बनाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेज। जिस पर शासन ने स्वीकृति दे दी है। खुर्सीपार क्षेत्र में 12 सड़कों का सीमेंटीकरण किया जाएगा और 9 नई नालियों का निर्माण भी किया जाएगा। विधायक देवेंद्र यादव ने इन सभी जरूरी विकास कार्यों को जल्द शुरू करने का निर्देश दिए है।

प्रेमी के साथ घूमने निकली महिला से दुष्कर्म, आरक्षक समेत 3 पहुंचे जेल

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रेमी के साथ घूमने निकली महिला से दुष्कर्म हुआ। जानकारी के अनुसार महिला अपने प्रेमी संग घूमने निकली थी जिसे दुर्ग आरक्षक ने धमकी देकर बलात्कार किया। मामला संज्ञान में आने के बाद आरक्षक को दुर्ग पुलिस ने निलंबित कर दिया। साथ ही पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी आरक्षक सहित तीन लोगों को गिरफ़्तार कर जेल भी भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, ये घटना जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत की है। 12 अक्टूबर को दो बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ घूमने के लिए निकली थी। रात करीब नौ से दस बजे के बीच ग्राम कचांदुर के मैदान में अपने प्रेमी के साथ थी। इस बीच जेवरा सिरसा चौकी में पदस्थ कॉस्टेबल तिलक बंछोर अपने दो साथियों के साथ वहां पहुंचा। तीनों ने महिला और उसके प्रेमी को अंदर करने की धमकी दे कर धमकाने लगे। इसके बाद कॉस्टेबल ने जबरदस्ती महिला को अपने साथ सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ बलात्कार किया। घटना के दौरान आरोपी कॉन्स्टेबल के दोनों दोस्त मौके पर ही थे। दुष्कर्म की इस घटना के बाद आरक्षक अपने साथियों के साथ महिला को धमकी दी और किसी को बताने से मना कर मौके से भाग निकले। आरोपियों के जाने के बाद पीड़ित महिला जेवरा सिरसा चौकी पहुंची और इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई। महिला की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी कांस्टेबल तिलक बंछोर, मुकेश साहू और विकास वर्मा को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया गया है।

दीपावली के लिए बाजार सजे छूट का उपभोक्ता उठा रहे फायदा

रायपुर/नवप्रदेश। दीपावली में अब कुछ ही दिन शेष है शहर के प्रमुख बाजारों मालवीय रोड गोल बाजार, राम सागरपारा एमजी रोड सदर बाजार सहित शहर के बाहरी हिस्सों में खुले माल्स में ग्राहकी अच्छी होने से जहां दुकानदारों के चेहरे खिले हैं वहीं रेडीमेड कटपीस कपड़ा सेक्टर, फर्नीचर सेक्टर, स्टील प्रोडक्ट, ऑटो मोबाइल सेक्टर, इलेक्ट्रानिकी, ऑटो मोबाइल सेक्टर सहित अनेक क्षेत्रों में ग्राहकों का जमावड़ा होने से दीपावली बाजार में रौनक दिखाई दे रही है, वही लोकल प्रोडक्ट के लिए शहर के अंदरूनी हिस्सों में यथा टिकरापारा, गुढ़ियारी, बुढ़ापारा, टुरी हटरी लोहार चौक, गंजपारा, आदि में सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक यातायात जाम की स्थिति देखी जा रही है। ज्ञातव्य है कि दो वर्ष करोना के लॉकडाउन के कारण लगातार बंद रहने से जहां त्यौहारों की रौनक फीकी रही वहीं इस वर्ष पिछले वर्षों का रिकार्ड सराफा क्षेत्र में टूटने की जानकारी देते हुए एटी के संचालक तिलोकचंद बरड़िया ने बताया कि देवउठनी एकादशी के बाद ही इस वर्ष शासन द्वारा जारी गाइडलाइन में शादी ब्याह कार्यक्रमों में लोगों की संख्या बढ़ने से उत्साह खरीदी में देखने को मिल रहा है।

मरीजों को मिलेगी सस्ती कीमत पर दवा, मुख्यमंत्री आज करेंगे उद्घाटन

आधी कीमत पर दवाइयों के लिए खुल रही श्री धन्वतंरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। मरीजों को कम कीमत पर दवा उपलब्ध करवाने 20 अक्टूबर से श्री धन्वतंरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स का शुभारंभ होने जा रहा है; मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 20 अक्टूबर को श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का वर्चुअल उदृघाटन करेंगे जहां आसानी से कम कीमत पर दवाइयां मिलेगी जिससे आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी। शहर में दो स्थानों नगर पालिक निगम नलघर शॉपिंग कम्प्लेक्स और रायपुर नाका मुक्तिधाम के पास दुकानें स्थापित की गई हैं। सब्बो स्वस्थ्य.जम्मों सुघ्घर अर्थात सभी स्वस्थ्य रहे और सभी ठीक रहें, परिकल्पना के साथ शहर एवं प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने मुख्यमंत्री भुपेश बघेल की एक नई पहल के साथ मरीजों को सस्ती दवा उपलब्ध कराने श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स का 20 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे वर्चुअल शुभारंभ किया जा रहा है। इस मौके पर विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे, निगमायुक्त हरेश मंडावी, सभापति राजेश यादव के अलावा एमआईसी सदस्य, पार्षदगण, एल्डरमैन समेत अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। योजना के तहत नलघर शॉपिंग कम्प्लेक्स और रायपुर नाका मुक्तिधाम के पास खुलने जा रही श्री धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स के माध्यम से लोगों को अधिकतम बिक्री मूल्य एमआरपी से 58 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। राज्य शासन की इस पहल से ऐसे गरीब और आम जनता के पैसे बचेंगे जो महंगी दवा की वजह से समुचित इलाज नहीं करा पाते हैं। मेडिकल स्टोर में जेनेरिक दवाओं के साथ हर्बल उत्पाद भी 2 से अधिक दवाइयां, 20 से अधिक सर्जिकल आइटम, सर्दी, खर्दी, बुखार, ब्लड प्रेशर जैसी सामान्य बीमारियों के अलावा एंटीबायोटिक दवाईयां भी उपलब्ध होगी। दवाओं का पर्याप्त स्टॉक और उपलब्धता सुनिश्चित करने ख्याति प्राप्त कंपनियों की जेनेरिक दवाइयों की बिक्री की जाएगी। योजना का प्रमुख उद्देश्य जेनेरिक दवाइयों की बढ़ती हुई मांग, गुणवत्ता का किसी भी रूप में ब्रांडेड दवाइयों से कम न होना, ब्रांडेड दवाइयों से कई गुना कम कीमत पर मिलना है।

बार एवं राड मिल ने बनाया उत्पादन का पाली और दैनिक कीर्तिमान

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की 7 मिलियन टन मॉडेक्स की ध्वज वाहक इकाई बार एवं रॉड मिल ने 18 अक्टूबर, 2021 को प्रथम पाली मे 20 एमएम टीएमटी बार में 544 बिलेट (1120 टन) का उत्पादन कर सर्वश्रेष्ठ पाली उत्पादन का कीर्तिमान बनाया और 18 अक्टूबर, 2021 को 20 एमएम टीएमटी बार मे ÷1374 बिलेट (2828 टन) का उत्पादन कर सर्वश्रेष्ठ दैनिक उत्पादन का कीर्तिमान भी बनाया। उत्पादन के साथ ही बीआरएम ने उत्पाद की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 100 प्रतिशत ग्राहक संतुष्टि को अपना लक्ष्य रखा है। उत्पाद एवं ग्राहक संतुष्टि के लक्ष्य के अनुरूप अपने प्रक्रिया एवं कार्यविधि में विभाग नई तकनीकियों का समावेश करते रहा है जिससे ग्राहकों को बेहतर तथा गुणात्मक उत्पाद प्राप्त होता रहे। विभाग की इस सफलता पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक, अंजनी कुमार तथा शीर्ष प्रबंधन ने सभी कार्मिकों को बधाई प्रेषित की एवं पूर्ण विश्वास प्रकट किया कि बीआरएम बिरादरी की यह ऊर्जावान टीम आने वाले सभी लक्ष्यों को प्राप्त करेगी तथा और नए कीर्तिमान बनाएगी। विभागाध्यक्ष ने सम्पूर्ण मिल बिरादरी को बधाई देते कहा कि यह सभी के सामूहिक प्रयास, समयबद्ध मैंटेनेंस तथा संबंधित विभागों के पूर्ण सहयोग का ही प्रतिफल है।

उन्होंने सभी को आगामी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित करते हुए पूरे विश्वास से प्रबंधन को आश्वस्त किया कि बीआरएम बिरादरी की यह स्वप्रेरित तथा संकल्पित टीम भविष्य मे सभी लक्ष्यों प्राप्त कर लेगी और ऐसे ही कीर्तिमान बनाते रहेगी।

चौथी बार अग्रवाल समाज के अध्यक्ष बने अखिलेश

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ अग्रवाल संघ, बैगापारा दुर्ग के पदाधिकारियों का आगामी दो वर्षों के लिए बैगापारा स्थित सामाजिक भवन में लोकतांत्रिक तरीके से रविवार को आम चुनाव संपन्न हुआ। इस बार जिला दण्डाधिकारी के निर्देशानुसार कोरोना गाइड लाईन का पालन करते हुऐ दो पोलिंग बूथ निर्मित किये गये थे। मतगणना कार्य दूसरे दिन प्रातः 6 बजे तक चलता रहा। इसके बाद अध्यक्ष पद पर अखिलेश अग्रवाल, महामंत्री पद पर राहुल अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष पद पर संतोष गुप्ता निर्वाचित हुए। इनके अलावा उपाध्यक्ष विनिता गुप्ता, उपाध्यक्ष शशांक अग्रवाल, उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, मंत्री गणेश गुलशन अग्रवाल, मंत्री (युवा) शुभम अग्रवाल, मंत्री निलेश अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य (महिला) अंजु अग्रवाल, कार्यकारिणी अरूणी दानी, कार्यकारिणी अशोक अग्रवाल, विक्रांत अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, कल्पना अग्रवाल, सूरज अग्रवाल निर्वाचित हुए। संघ में कुल 1161 आजीवन सदस्य है, जिन्हें मतदान का अधिकार दिया गया था।

कुल 834 सदस्यों ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव तीन पैनलों में लड़ा गया इसमें अध्यक्ष पद पर अखिलेश अग्रवाल के अलावा संजय अग्रवाल एवं अजय गुप्ता प्रत्याशी रहें। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रशांत अग्रवाल एवं उनके सहयोगी चुनाव अधिकारियों द्वारा सफलता पूर्वक चुनाव संपन्न कराया गया।

संभाग स्तरिय आदिवासी नृत्य महोसत्व का आयोजन

दुर्ग (नव प्रदेश)। जिले में संभाग स्तरीय राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव नृत्य कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में 19 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। दुर्ग संभाग के 3 जिले बालोद, बेमेतरा और दुर्ग जिले के सात आदिवासी नृत्य दलों की प्रतियोगिता आयोजित की गई । नृत्य आदिवासी संस्कृति से संबंधित समाज को संदेश देने वाले गायन के साथ वाद्य यंत्र माध्यम के सहयोग से प्रदर्शन हुआ जो अत्यंत लुभावनी एवं शिक्षाप्रद रहा । 20 अक्टूबर को संभाग के शेष 2 जिलों राजनांदगांव और कवर्धा आदिवासी दलों द्वारा कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में प्रदर्शन किया जाएगा। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह होगा। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त दलों को राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

गोबर से बनाये फ्लोटिंग दीये, इंग्लैंड और कनाडा भी भेज रहे

छठ पूजा एवं कार्तिक पूजा में नदी और तालाब में दीया छोड़ने का नियम

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। इस दीवाली देश-विदेश में भिलाई के गोबर के बने फ्लोटिंग दीये की विशेष रूप से डिमांड पैदा हुई है। गोबर के बने फ्लोटिंग दीये सुंदर तो हैं ही, देर तक पानी में तैरने की वजह से यह बहुत सुंदर नजारा प्रस्तुत करते हैं। यह इकोफ्रेंडली भी हैं इस वजह से देश भर में यह दीये बिक रहे हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए ऐसे दीये बनाने वाली संस्था उड़ान नई दिशा समूह की अध्यक्ष श्रीमती निधि चंद्राकर ने बताया कि कार्तिक पूजा और छठ में नदी और सरोवरों में दीये छोड़ने का नियम होता है। ऐसे में गोबर से बने दीये तैरते रहते हैं और पूरी नदी में बहुत सुंदर नजारा प्रस्तुत करते हैं। श्रद्धालु इन दीयों को बहते देर तक देखते हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा यह दीये इको फ्रेंडली भी हैं। प्रकृति को नुकसान नहीं पहुंचाते। इसके साथ ही कांच के सुंदर बर्तनों में इन दीयों को सजायें तो पूजा का बहुत सुंदर वातावरण इनसे बनता है। उन्होंने बताया कि दीपावली को लेकर विशेष तरह की तैयारियां की गई हैं। देश भर में दीयों की अच्छी डिमांड आ रही है। उनके पास चंडीगढ़, अहमदाबाद, टाटा नगर और लखनऊ से भी आर्डर आये हैं। इसके अलावा विदेशों में इंग्लैंड और कनाडा से भी अच्छी डिमांड आई है। उन्होंने कहा कि हम लोग हमेशा नये तरह के प्रयोग करते हैं और इस बार भी दीयों की सजावट में विशेष रूप से कार्य किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में स्व-सहायता समूहों को बढ़ावा देने के प्रयासों का विशेष रूप से अच्छा असर दिखा है। दीवाली का बाजार स्थानीय उत्पादों से सज रहा है। केवल प्रदेश भर में ही नहीं, प्रदेश के बाहर भी इन सुंदर कलाकृतियों की डिमांड आ रही है।

अधिकारियों व कर्मचारियों ने नेशनल सेफ्टी काउंसिल के ई-लर्निंग कोर्स को सफलतापूर्वक किया पूर्ण

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने सुरक्षा संवर्धन हेतु निरन्तर नये प्रयासों को अंजाम देता आ रहा है। संयंत्र का सेफ्टी इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट ने संयंत्र संचालन को सुरक्षित बनाने हेतु विविध अभिनव प्रयासों को क्रियान्वित करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम में संयंत्र का सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा नेशनल सेफ्टी काउंसिल ऑफ इंडिया के द्वारा संचालित सुरक्षा के ई-लर्निंग कोर्स में अपने कार्मिकों व अधिकारियों को प्रशिक्षित व शिक्षित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इनके ई-लर्निंग कोर्स में शामिल हैं- इलेक्ट्रिकल सेफ्टी, कंस्ट्रक्शन सेफ्टी, केमिकल सेफ्टी, इंडस्ट्रियल सेफ्टी, एडवांस इंडस्ट्रियल सेफ्टी जिसमें संयंत्र के विभिन्न अधिकारियों व कर्मचारियों ने कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण कर संयंत्र के सुरक्षा को सुदृढ़ करने में अपना योगदान दे रहे है। नेशनल सेफ्टी कांउसिल के ई-लर्निंग कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले कार्मिक व अधिकारियों में शामिल है केमिकल सेफ्टी में एसएमएस-3 से पुष्पा एम्ब्रोस, सेफ्टी इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट से के सी साजन, अजय टल्लू, वी जर्नाधन राव, ऑक्सीजन प्लांट-2 से मोरध्वज साहु तथा इंडस्ट्रियल सेफ्टी कोर्स में टी एंड डी से बुढ़ादेव टुडु, सेफ्टी इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट से एम के श्रीवास्तव, आरएमपी-3 से किशोर कुमार नशीने, इंस्ट्रूमेंटेशन से विजेन्द्र कुमार चौधरी, सुरेश कुमार नागदेव, एसएमएस-3 से बहोरन लाल साहु, सी एंड आईटी से डी माधव राव। इलेक्ट्रिकल सेफ्टी में 10 अधिकारी व कर्मचारी, केमिकल सेफ्टी में 15 अधिकारी व कर्मचारी, इंडस्ट्रियल सेफ्टी कोर्स में अबतक कुल 41 अधिकारी व कर्मचारी, एडवांस इंडस्ट्रियल सेफ्टी में 1 अधिकारी ने ई-लर्निंग कोर्स पूरा किया है। सभी ई-लर्निंग कोर्स करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के संयंत्र के ईडी (वर्क्स), श्री अंजनी कुमार ने एक सादे समारोह में सम्मानित किया। इस आयोजन का समन्वय सेफ्टी इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक श्री जी पी सिंह ने किया।

मुख्यमंत्री के जनकल्याणकारी फैसलों की पूरे देश में चर्चा-वोरा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के चेयरमेन अरुण वोरा ने सभी प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के बीच सर्वोच्च रेटिंग मिलने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हार्दिक बधाई दी है। वोरा ने कहा कि आईएएनएस-सी वोटर गवर्नेंस इंडेक्स के अनुसार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल देश में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले मुख्यमंत्री हैं। वोरा ने कहा कि जनकल्याणकारी नीतियों और संवेदनशील फैसलों के कारण भूपेश बघेल की चर्चा पूरे देश में हो रही है।

वोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के किसानों का कर्जा माफ किया। किसानों से 25 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी करने राजीव गांधी न्याय योजना शुरू की। किसानों के साथ ही भूमिहीन मजदूरों को राहत देने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना शुरू की। आदिवासियों के हित में तेंदूपत्ता सहित 52 वनोपज की खरीदी समर्थन मूल्य पर करने का ऐतिहासिक फैसला भी किया। इन फैसलों से किसानों और आदिवासियों का जीवन समृद्ध हुआ है। वोरा ने कहा कि कोरोना संकटकाल में अपने माता पिता या पालक को खोने वाले बच्चों को निजी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा प्रदान करने महतारी दुलार योजना शुरू की गई। इसी तरह कोरोना संकट से निपटने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं जिसके कारण राज्य में कोरोना नियंत्रित हो गया है। महिलाओं और बच्चों के कुपोषण की समस्या दूर करने सुपोषण योजना, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, हाट बाजार क्लिनिक योजना सहित दर्जनों योजनाएं ऐसी हैं जिसका लाभ प्रदेश के हर वर्ग को मिल रहा है।

सारस्वत ने दिया 21 हजार रुपए का अंशदान

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज शाम राजधानी स्थित उनके निवास कार्यालय में ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक दीप सारस्वत ने सौजन्य मुलाकात कर मुख्यमंत्री सहायता कोष हेतु 21 हजार रुपये की राशि का चेक सौंपा। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर दीप सारस्वत द्वारा दिये गए आर्थिक योगदान की सराहना की।

4थी वाहिनी माना में राज्य स्तरीय परेड 21 को

रायपुर। सेनानी 4 थी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल माना रायपुर में 21 अक्टूबर 2021 को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय परेड का आयोजन किया जाएगा। परेड का आयोजन 21 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे से रखा गया है।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक 202110101000130
विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 21-22
कोहका प.ह.नं. 00019 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - श्रीमती मोमिता विस्वास
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

आवेदक- श्रीमती मोमिता विस्वास पति निवास विस्वास निवास शांतिनगर द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 6916 रकबा 1053 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता फाईव स्टार कंस्ट्रक्शन कंपनी पार्टनर हेमंत कुमार विस्वाल पिता स्व. डी. विस्वाल से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 11/10/2021 को जारी किया जाता हैं।

YOGENDRA KUMAR VERMA
अतिरिक्त तहसीलदार
सील
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक 202110101000123
विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 21-22
कोहका प.ह.नं. 00019 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - किशोर कुमार वर्मा
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

आवेदक- किशोर कुमार वर्मा पति श्याम लाल निवासी सेक्टर 09 भिलाई के द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 9285 रकबा 0.02 हे./1860 वर्गफीट भूमि को आवेदक के पिता स्व. श्याम लाल पिता बाबुराम वर्मा ने अपने पुत्र किशोर कुमार वर्मा एवं हरीश कुमार वर्मा को पंजीकृत वसीयता की है। इस आधार पर आवेदकगण का नाम दर्ज करने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 08/10/2021 को जारी किया जाता हैं।

YOGENDRA KUMAR VERMA
अतिरिक्त तहसीलदार
सील
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 21-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कविता यादव पति रमेश यादव निवासी ग्राम सुभाष नगर भिलाई तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 273/103 (274/100) रकबा 0.020 हे. भूमि को हकत्यागकर्ता अनिता यादव पिता गणेश याद निवासी ग्राम सुभाष नगर तहसील दुर्ग जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 21/05/14 को प्राप्त किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग के आधार पर स्वयं के नाम पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28/10/2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/10/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 12/10/2021
सुनवाई दिनांक 28/10/2021

तहसीलदार
सील
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार सण्डी (पलारी), जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202109211700059 अ/74
पक्षकार रामनाथ पिता देवनाथन कोष्टा
साकिन सरसेनी प.ह.नं.- 01

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामनाथ पिता देवनाथ जाति कोष्टा साकिन सरसेनी प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. देवसुन्द्रा तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम सरसेनी स्थित भूमि ख.नंन. 72/8 रकबा 1.618 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर एकल खाते के रूप में दर्ज है। उक्त वादभूमि का मूल किसान किताब गुम हो जाने के कारण आवेदिका को कृषि विकास के कार्यों में असुविधा हो रही है। इसलिए आवेदक के द्वारा वादभूमि का किसान किताब की द्वितीय प्रति प्रदाय किए जाने हेतु छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 144 ए के तहत आवेदन मय खाते की नकल बी-1, कर्ज नहीं प्रमाण पत्र, थाना रिपोर्ट की प्रतिलिपि, शपथ पत्र प्रस्तुत से प्रकरण प्रारंभ किया गया। जो कि न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 29.10.2021 को दावा आपत्ति कर सकते हैं। नियत दिनांक पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सील
सण्डी (पलारी)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक एलआईजी-37/433 भूतल में श्रीमती सनूजा एस. पति श्री सुभाष एस. को स्ववित्तीय/एकमुश्त आधार पर आबंटित/नामांतिरत किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 25.06.2015 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 19.08.2021 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर फ्लैट/भवन (1)श्रीमती स्वर्णा चौधरी पति सुब्रत कुमार चौधरी एवं (2) सुब्रत चौधरी पिता स्व. श्री साधु चरण चौधरी के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा पत्र

रा.प्र.क्र./रजि. नंबर 202110100400187
पक्षकार का नाम- श्री दिव्यांशु ध्रुव

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री दिव्यांशु ध्रुव आ. श्री नारद राम ध्रुव निवासी- सेक्टर 05 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/ 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
रिसाली प.ह.न 22 तह.व जिला दुर्ग	798/5	0.015 हे. 1620 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र कुमार साहू वगैरह पिता स्व. कुंजराम साहू निवासी वार्ड नं. 56 उरला दुर्ग मौजा ग्राम उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 246/4 का रकबा 0.056 हे. भूमि 1. कुंजराम साहू व 2. नेहरू राम साहू के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 1. 11/04/2021 और 2. 22/07/2021 को हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 16.11.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती नमिता गंगबेर | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202110100400162-अ-2/2021-22

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती नमिता गंगबेर पति श्री टेकराम गंगबेर निवासी नेहरू नगर पूर्व भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	4059/9	0.011/ 1250 वर्गफीट	व्यवसायीक

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

सीएम भूपेश के बेस्ट परफार्मेंस पर गरमाई राजनीति, भाजपा के वार पर कांग्रेस का पलटवार

भाजपा ने एजेंसी के सर्वे पर उठाया सवाल

रायपुर/नवप्रदेश। आईएएनएस-सी वोटर गवर्नेंस इंडेक्स के द्वारा देश व्यापी कराए गए सर्वे में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल देश भर के मुख्यमंत्रियों में बेस्ट परफार्मिंग सीएम चुने गए है। भूपेश अपने प्रदेश की जनता के बीच मे अन्य मुख्यमंत्रियों की अपेक्षा सर्वाधिक लोकप्रिय मुख्यमंत्री भी साबित हुए हैं।

योजनाएं सफल : आईएएनएस ने अपनी सर्वे रिपोर्ट जारी करते हुए कहा है कि सीएम बघेल ने छत्तीसगढ़ में कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करना शामिल है, जिन्होंने कोविड -19 के लिए माता-पिता/अभिभावकों को खो दिया है। महतारी दुलार योजना के तहत ऐसे बच्चों की पढ़ाई का खर्च छत्तीसगढ़ सरकार वहन कर रही है।

लैंगिक समानता के क्षेत्र में भी शीर्ष प्रदर्शन : नीति आयोग की एसडीजी इंडिया इंडेक्स रिपोर्ट 2020-21 के अनुसार, सतत् विकास लक्ष्यों के लैंगिक समानता पैरामीटर पर छत्तीसगढ़ भारत में शीर्ष प्रदर्शन करने वाला राज्य है। नीति आयोग 115 संकेतकों पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की प्रगति को ट्रैक करता है। पिछले साल, छत्तीसगढ़ ने लैंगिक समानता पैरामीटर पर 43 अंक हासिल किए और भारत में सातवें स्थान पर था। इस साल, छत्तीसगढ़ ने 61 स्कोर किया और चार्ट में शीर्ष स्थान पर रहा।

भा गई सीएम की कार्यशैली : सी वोटर के संस्थापक यशवंत देशमुख ने कहा, ऐसे मुख्यमंत्रियों को लोगों ने पसंद किया है जिनमें निर्णय लेने की क्षमताएं हैं और जिनके काम करने की शैली सीईओ जैसी है। मुख्यमंत्री की इस उपलब्धि पर प्रदेश कांग्रेस ने उन्हें बधाई दी है। इधर मुख्यमंत्री के नंबर वन की घोषणा होने पर प्रदेश के प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने करारा वार किया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने सर्वे करने वाली एजेंसी पर भी सवालिया निशान लगाया है।

धरातल पर नहीं लोकप्रियता : उपासने : सच्चिदानंद उपासने की माने तो मुख्यमंत्री यदि लोकप्रिय होते तो किसान प्रदेश में आत्महत्या नहीं करते। यदि लोकप्रिय होते तो प्रदेश में अपराध नहीं बढ़ता। इन 3 सालों में प्रदेश में अमन और चैन होना चाहिए था, लेकिन प्रदेश में अराजकता का माहौल दिखाई दे रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इन मामलों में मुख्यमंत्री प्रथम हो सकते हैं लेकिन विकास के नाम पर वे प्रथम कतई नहीं हो सकते। धरातल पर जो दिखता है उसे जनता भलीभांति समझती है लेकिन कागजों में जो दौड़ रहा है उससे जनता को किसी प्रकार का लेना देना नहीं है। अब जनता सभी बातें समझने लगी है।

घोषणा पत्र का होना चाहिए सर्वे : उपासने ने सर्वे एजेंसी पर ही सवाल उठाते हुए कहा कि कागजी घोड़े दौड़ा कर और अधिकारियों की कलाकारी ने यह कूट रचित रिपोर्ट तैयार किया है। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में बेरोजगारी भत्ता, शराबबंदी, किसानों को ऋण माफी, बिजली बिल हाफ और प्रॉपर्टी टैक्स को शामिल किया था लेकिन उसके नाम पर जनता को अब तक छला जा रहा है। अब एजेंसी को चाहिए कि जो धरातल पर जो दिख रहा है उसका भी आकलन वह करें।

विकास छोड़ कुर्सी दौड़ में शामिल : उपासने ने कहा वाह वाही लूटने का काम झूठ और फरेब के साथ प्रदेश में जारी है। सत्ता में आने के पहले से घोषणा पत्र के नाम से लेकर आज तक केवल सरकार ने छलने का काम ही किया है। प्रदेश में केवल सत्ता और कुर्सी की लड़ाई जारी है जिसके चलते प्रदेश में सारे विकास ठप हैं। उन्होंने ढाई-ढाई साल वाले फार्मूले के मुद्दे पर कहा कि यह सारी कवायद इसी से जुड़ी हुई है, जिसमें भूपेश बघेल अपनी रिपोर्ट कार्ड ठीक करने के लिए यह सारा कुछ मामला अधिकारियों के मार्फत रचा है, ताकि उनकी कुर्सी बची रहे।

जनहित सर्वोपरि : शुक्ला- प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जनता का यह विश्वास उनके सेवा और समर्पण का प्रतिफल है। जबाबदेह और संवेदन शील सरकार और जनहित को सर्वोपरि रखने के उनके उद्देश्य के कारण ही प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री और उनकी सरकार से खुश है। इसी कारण लोकप्रियता और सुशासन में भूपेश बघेल ने अपने समकालीन देश भर के मुख्यमंत्रियों को पीछे छोड़ दिया है।

प्रदेश का बढ़ा मान : संचार प्रमुख शुक्ला की माने तो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सर्वोत्तम चुने जाने से प्रदेश का भी मान बढ़ा है। यह सम्मान उनके सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं का प्रतिफल है। प्रदेश सरकार की सबसे महती योजना सुराजी योजना आज देशभर में डंका बजा चुकी है। दूसरे प्रदेशों ने भी इसकी सरहना करते हुए अपनाने की बात कही है। गौठान योजना, गोबर खरीदी योजना सहित कई योजनाओं का प्रतिफल भी प्रदेश की जनता को मिल रहा है।

छत्तीसगढ़ विरोधी है भाजपा : सुशील आनंद ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार धरातल पर ही विकास कर रही है। लेकिन बीते 15 सालों में विकास के नाम पर रमन शासनकाल में खूब भ्रष्टाचार हुआ है, जिसका यह नतीजा रहा कि भाजपा आज 14 सीट पर सिमट कर रह गई है। रमन सरकार के भ्रष्टाचार और कमीशन की नीति को भाजपा उजागर करें तो जानें। उन्होंने कहा कि आज भूपेश शासन काल में किसान लगातार विकास कर रहे हैं, युवा विकास की ओर अग्रसर है, छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपरा का बाकायदा निर्वहन किया जा रहा है और तीज त्यौहार को जीवित रखा गया है। वहीं भाजपा के नेता छत्तीसगढ़ विरोधी कृत्यों में लगे हुए हैं, यही कारण है कि मुख्यमंत्री की परफॉर्मेंस रेटिंग बढ़ने से भाजपा के पेट में दर्द हो रहा है।

बौखलाहट में भाजपा : संचार प्रमुख शुक्ला ने कहा कि भूपेश सरकार की सफलता के चलते भाजपा को जनता जनार्दन का साथ नहीं मिल पा रहा है। किसानों के खिलाफ भाजपा का षड्यंत्र फेल होता जा रहा है। असल में भारतीय जनता पार्टी के पास सरकार को घेरने का कोई ठोस मुद्दा नहीं है।

न्यूज गैलरी

पत्नी का गला काटने के बाद फंदे पर झूला पति, जांच में जुटी पुलिस

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में दिल दहला देने वाली घटना हुई है। सिविल लाइन क्षेत्र में पहले पत्नी का गला रेतकर हत्या की गई, उसके बाद पति ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक युवक छोटा-मोटा काम करके गुजारा करता था। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक घटना सिविल लाईन थाना क्षेत्र के आकाशवाणी स्थित उत्कल बस्ती की है। मंगलवार दोपहर में पति और पत्नी का शव आसपास के लोगों ने घर पर देखा, जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलने के बाद सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। आशंका जताई जा रही है कि आरोपी पति सोनू बघेल 39 वर्ष ने अपनी पत्नी रामा बघेल 37 वर्ष की धारदार हथियार से हत्या की होगी। इसके बाद खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। यह आशंका इसलिए जताई जा रही है क्योंकि रसोई में पड़ी महिला की लाश सहित आसपास भी खून से लथपथ पड़ा मिला है, तो वहीं पति का शव घर की दूसरी मंजिल के कमरे में लटका मिला। घटना के संबंध में सिविल लाइन टीआई सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि आशंका हैं कि पहले हत्या की होगी फिर आरोपी ने खुद सुसाइड कर लिया होगा। फिलहाल पुलिस मौके पर है और आसपास के लोगों से पूछताछ जारी है।

100 पदों पर भर्ती 21 को प्लेसमेंट कैम्प

रायपुर/नवप्रदेश। उप संचालक रोजगार ने बताया कि प्रवर्तन कक्ष जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर के तत्वाधान में 21 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर जिला रोजगार कार्यालय रायपुर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र (First Accurate Home Care Raipur) द्वारा 100 पदों पर भर्तियां की जाएगी। इन पदों के लिए ऐसे आवेदक जिनकी वांछित योग्यता 10वी या उससे अधिक हो वो इस प्लेसमेंट कैम्प की साक्षात्कार प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते है। उक्त पदों के लिए वेतन 7 से 10 हजार तक देय होगा। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए आवेदक अपने साथ समस्त शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता के प्रमाण-पत्र के साथ निवास-जाति/रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण-पत्र/ आधार कार्ड तथा बायोडाटा एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ प्लेसमेंट हेतु निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते है।

कुंडी काटकर 90 हजार का सामान चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के टिकरापारा में दुकान का कुंडी काटकर 90 हजार का सामान चोरी कर लेने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के मुताबिक साईनगर देवेन्द्रनगर रायपुर निवासी दर्शन पारेख 47 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि लालपुर प्रार्थी के पारेख, गेलेरियम शो रूम है। 16 अक्टूबर को रात में दुकान बंद करके वह व कर्मचारी अपने घर चले गए थे,रविवार को दुकान बंद था। सोमवार को दुकान खोलने पहुंचने पर दुकान का कुंडी कटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर सारा सामान अस्त–व्यस्त पड़ा था,दुकान के अंदर रखे नल एवं फिटींग का सामान करीब 600 नग नही था एवं एसी के अंदर लगे एक्सटरनल युनिट टुटा हुआ अंदर का सामान नही था कोई अज्ञात चोर द्वारा कीमती 90,000 रूपये से अधिक को चोरी कर ले गया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380,457 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

व्यक्ति को हथियार से मारकर किया घायल

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के डीडीनगर में दोस्तों के साथ घुमने गए व्यक्ति को किसी ने धारदार हथियार से मारकर घायल कर दिया। मामले की रिपोर्ट डीडीनगर थाने में दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के मुताबिक शांति विहार कालोनी रायपुर निवासी जिज्ञासा उपाध्याय 19 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि पति मुकेश उपाध्याय 14 अक्टूबर को सुबह करीबन 11.30 बजे घर से अपने दोस्तों के साथ घुमने गया था, जो रात्रि करीबन 10.30 बजे घर वापस आया, उसके शर्ट व पेंट से खून निकल रहा था, चोट कैसे लगी पूछने पर बताया कि शाम करीबन 07.30 बजे बमलेश्वरी मंदिर के पास डंगनिया में किसी अज्ञात व्यक्ति ने बेवजह विवाद कर गाली गलौच किया, मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे किसी नुकीली हथियार से पेट में मार दिया। घायल अवस्थाना में प्रार्थिया अपने छोटे भाई की मदद से उसे मेकाहारा हास्पिटल ले गई, जहां प्राथमिक उपचार किया गया अगले दिन 15 अक्टूबर को डिस्चार्ज कराकर घर ले आये लेकिन आने के बाद स्थिति और ज्यादा खराब हो गई। जिसके बाद उसे ओम हास्पिटल में भर्ती करवाये है जहां मुकेश उपाध्याय का ईलाज चल रहा है।

तालाब में मिली युवक की लाश

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के खम्हारडीह थाना क्षेत्र में कचना तालाब में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। खम्हारडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आसपास गुजरने वालों ने तालाब में शव की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की। वहीं आसपास के लोगों से शव की पहचान करवाई गई। मृतक की पहचान कोमल साहू बजरंग पारा निवासी के रूप में पहचान हुई है। हालांकि अब तक घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

मुख्यमंत्री बघेल ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का किया निरीक्षण

■ पढ़ाई-लिखाई और मिल रही सुविधाओं के बारे में ली जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में गरीब और प्रतिभावान छात्रों को अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए राज्य में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रारंभ किए गए है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और श्री सचिन राव ने आज यहां राजधानी रायपुर के फाफाडीह स्थित शहीद स्मारक विद्यालय में बनाए गए उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का निरीक्षण किया और बच्चों से रूबरू हुए। उन्होंने इस दौरान बच्चों से विद्यालय में पढ़ाई-लिखाई और उन्हें मिल रही विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

राज्य के जिला और विकासखण्ड मुख्यालय में लगभग 171 अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए गए हैं। इन स्कूलों में अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास, लायब्रेरी और लैब के साथ-साथ खेल सुविधाएं भी विकसित की गई है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय शहीद स्मारक फाफाडीह रायपुर में इन सुविधाओं के अलावा विद्यालय में गणित, भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, कॉमर्स, कला, कम्प्यूटर, सूचना प्रौद्योगिकी के अत्याधुनिक साधन से संबंधित पेंटिंग से दीवारों को सजाया गया है, जिससे स्कूल में बच्चों की जिज्ञासा और उत्सुकता को दिशा मिल सके।

इस मौके पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया, रायपुर नगर निगम के महापौर एज़ाज़ ढेबर, विधायक देवेंद्र यादव और कुलदीप जुनेजा, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, विशेष सचिव कृषि डॉ एस. भारतीदासन, कलेक्टर रायपुर श्री सौरभ कुमार, नगर निगम रायपुर के आयुक्त प्रभात मलिक, जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत आएंगे छत्तीसगढ़

मदकु द्वीप के कार्यक्रम में होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे है। संघ के सरसंघचालक भागवत 19 नवंबर से 3 दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुंचेंगे। इस बार भागवत का प्रवास रायपुर जिले के सीमांत क्षेत्र मदकु द्वीप में होगा। मोहन भागवत का यह दौरा कई नज़रिए से अहम है। छत्तीसगढ़ में पहले ही भाजपा धर्मांतरण के मुद्दे को लेकर सरकार पर तगड़ी घेराबंदी कर रही है, वहीं कवर्धा मामलें के बाद भी इस मामलें ने और भी ज़्यादा तूल पकड़ा है।

मिली जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत के अधिकतर कार्यक्रम सार्वजनिक हैं, इस लिहाज से मोहन भागवत के दौरा भी बेहद अहम माना जा रहा है। भागवत इस बार राजधानी के आरएसएस मुख्यालय जागृति मंडल कार्यालय में किसी भी कार्यक्रम में शिरकत नहीं कर रहे है। इन तीन दिनों में वे लगातार मैदानी क्षेत्रों में जनसंवाद और सार्वजनिक मंच वाले कार्यक्रमों में शामिल हो रहे है।

संघ प्रमुख लेंगे विस्तृत ब्यौरा

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत अपने इन तीन दिनों के प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ में संघ की तमाम गतिविधियों की रिपोर्ट भी लेंगे। वहीं पिछली बैठक और दौरे के दौरान दिए गए निर्देशों पर स्वयं सेवकों के काम काज़ की भी समीक्षा भागवत कर सकते है। इसके आलावा ग्रामीण क्षेत्रों में संघ और शाखाओं के विस्तार पर भी सरसंघ चालक समीक्षा कर सकतें है।

मदकु द्वीप में होगी बड़ी बैठक

संघ से जुड़े लोगो के मुताबिक रायपुर बिलासपुर हाईवे में शिवनाथ नदी के किनारे मदकु द्वीप को इस लिहाज से भी चुना गया है कि यह स्थान रायपुर, बिलासपुर, बलौदा बाजार-भाटापारा और मुंगेली जिले का सेंटर माना जाता है। ऐसे में इन क्षेत्रों से संघ के तमाम कार्यकर्ता आसानी से पहुंच सकते है।

झारखंड पुलिस पर सहयोग नहीं करने और चोरी का सोना दबाने का गंभीर आरोप

राज्यपाल रमेश बैस को पत्र लिखकर सहयोग की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। नवकार ज्वेलर्स सेंधमारी मामले में झारखंड पुलिस द्वारा छत्तीसगढ़ की पुलिस को पुलिस की टीम न होना और पुलिस होना सिद्ध करने के लिए 8 घंटे तक रोके जाने से रायपुर सराफा एसोसिएशन ने नाराजगी व्यक्त करते हुए झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस को पत्र लिखकर झारखंड पुलिस को घटना के संबंध में अपराधियों को पकडऩे और चोरी के सोने और चांदी जेवर को जप्त करने में सहयोग की मांग की है।

रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष हरख मालू ने बैस को लिखे पत्र के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि गुढियारी के नवकार ज्वेलर्स में 2 एवं 3 अक्टूबर की मध्य रात्रि में अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर चोरी की घटना को अंजाम देकर छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य झारखंड की ओर फरार हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशन पर रायपुर से अलग-अलग टीम झारखंड के लिए रवाना हुई।

इस दौरान झारखंड के जलडेगा पुलिस ने सिमडेगा से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में छत्तीसगढ़ की पुलिस को सूचना मिलने पर टीम थाने पहुंची और आरोपियों द्वारा रायपुर में अपराध किए जाने एवं अपराध के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। लेकिनु झारखंड पुलिस ने रायपुर की पुलिस टीम को पुलिस की टीम ना होना एवं पुलिस होना सिद्ध करने के लिए लगभग 8 घंटे तक थाने में रोक दिया, इस कारण अपराध में संलिप्त अन्य आरोपी दूसरी जगह भागने में कामयाब हो गए।

मालू ने बताया कि रायपुर पुलिस की टीम ने झारखंड पुलिस को किसी तरह समझाया दोनों आरोपियों को अपने कब्जे में लिया लेकिन चोरी हुए सोने एवं चांदी के बारे में कोई जानकारी प्रदान नहीं की गई केवल 34 किलो 800 ग्राम चांदी वह एक बैग जप्त होना बताया। साथ ही चोरों के द्वारा बाजार में माल खपाने के लिए लाए जाना बताया गया जबकि सारे दस्तावेज रायपुर पुलिस ने झारखंड पुलिस के समक्ष प्रस्तुत किए गए थे। इस प्रकार की गलत

तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत,एक घायल

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के पुरानीबस्ती थाना क्षेत्र अंतर्गत कुशालपुर में सोमवार को देर शाम तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। जिसके चलते बाइक के पीछे बैठे व्यक्ति की मौत हो गई।वहीं एक अज्ञात वृद्ध महिला की सड़क हादसे में मौत हो जाने की रिपोर्ट धरसींवा थाने में दर्ज कराई गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक रिसाली नेवई भिलाई निवासी प्रमोद पाण्डे 40 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 18 अक्टूबर को देर शाम वर्धमान कार के पहले रिंग रोड 1 कुशालपुर प्रार्थी की बाइक को तेज रफ्तार टैंकर क्रमांक पीबी 03 बीटी 6066 का चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे बाइक के पीछे बैठे श्याम वर्मा पिता टी.आर.वर्मा उम्र 45 साल निवासी चंगोराभाठा डीडी नगर रायपुर का मौके पर फौत हो गया एवं प्रार्थी को चोट लगी है। घटना की शिकायत पुरानीबस्ती थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने टैंकर चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

बैंक प्रशासन की मनमानी के शिकार हो रहे हैं राज्य के पेंशनर

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ राष्ट्रीय महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर्स फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने बैंक प्रशासन पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। जिसके कारण राज्य के पेंशनर बैंक प्रशासन के मनमानी का शिकार होकर अपने मासिक पेंशन के भुगतान को लेकर परेशान होते रहते हैं। जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि कोषालय द्वारा पीपीओ जारी होने के बाद पेंशन भुगतान हेतु प्रकरण को नोडल बैंक को भेज देता है और नोडल बैंक कई प्रकरणों के त्रुटि सुधार के नाम पर 6 माह से अधिक समय लगाना अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझता हैं, राज्य बनने बाद सन 2000 से अबतक सेंट्रल पेंशन प्रोसेसिंग सेल नोडल बैंक का कार्य सम्पादन गोविंदपुरा भोपाल स्थित स्टेट बैंक से होता रहा है।

अब जाकर 21 वर्ष बाद नोडल बैंक सेंट्रल पेंशन प्रोसेसिंग सेल का कार्य स्टेटबैंक कचहरी शाखा रायपुर स्थापना की स्वीकृति मिली है,परन्तु इसका उदघाटन लगातार टलते जा रहा है, मगर बैंक सूत्रों के अनुसार हर हाल में अक्टूबर 21 के अंतिम सप्ताह तक सेंट्रल पेंशन प्रोसेसिंग सेल का काम रायपुर से शुरू हो जाएगा। बैंक से होनेवाली पेंशनरों की समस्याओं में भुगतान करने वाले बैंक द्वारा पेंशनरों के पेंशन राशि के अचानक कम हो जाने, मासिक पेंशन खाते जमा नही होने अथवा महँगाई राहत नही जुड़ने के कारण या फिर 80 वर्ष के अधिक उम्र होने पर 20त्न प्रतिशत राशि की वृद्धि आदि किसी भी मामलों की समस्याओं के समाधान की जानकारी देने से साफ मना कर देते हैं।यहाँ तक बुजुर्ग वरिष्ठ नागरिक होने का सम्मान भी नहीं करते। बैंक में बैठने की समुचित व्यवस्था भी नहीं रखते।

कोषालय से पीपीओ (पेंशन पेमेंट ऑर्डर) जारी होने के बाद कोषालय भी पेंशनर्स से पल्ला झाड़ लेते हैं और आर्थिक समस्याओं के निदान के लिये सिर्फ और सिर्फ बैंक को जिम्मेदार बताते हैं और वहीं भेजकर अपने जिम्मेदारी से मुक्त हो जाते हैं।

कल्याण — **राज्यपाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय श्री बुढ़ानशाह की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में हुई शामिल**

स्व. बुढ़ानशाह ने समाज को संगठित करने का कार्य किया : उइके

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज महासमुन्द जिले के पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम अरण्ड में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बुढ़ान शाह के पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई और उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. श्री बुढ़ान शाह ने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेते हुए समाज को संगठित करने का कार्य किया है। यह हम सभी लोगों के लिए गर्व की बात है। राज्यपाल ने कहा कि आदिवासी समाज अपने ज्ञान को संरक्षित करें, नई पीढ़ी को जानकारी दें तथा तकनीक के माध्यम से जोड़ते हुए उन्हें नया स्वरूप प्रदान करें। इससे हमारे युवाओं को रोजगार मिलेगा, अच्छी आय होगी, जिससे वे स्वयं अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्य में लगाएंगे और देश की प्रगति में योगदान देंगे।

सुश्री उइके ने कहा कि मैंने स्वयं आदिवासी समाज में जन्म लिया है। साथ ही इस समाज को करीब से देखा है। उन्होंने कहा कि श्री बुढ़ानशाह जी गांधी जी द्वारा चलाये जा रहे स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन से प्रेरित थे। वे उन्हें अपना आदर्श मानते थे। गांधी जी ने जब दाण्डी यात्रा के साथ नमक सत्याग्रह किया तो श्री बूढ़ानशाह भी रायपुर में इस आंदोलन में शामिल हुए और नमक कानून तोड़कर गिरफ्तार हुए। श्री शाह निरंतर राष्ट्रीय आंदोलनों में सक्रिय रहे और शंकर राव एवं यति यतन लाल के साथ ग्राम तमोरा में जंगल सत्याग्रह में शामिल हुए और उन्हें सजा भी हुई।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के आजादी के 75वें वर्ष को आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाने की घोषणा की है। इस अवसर हम आजादी के नायकों को याद कर रहे हैं। इसी तारतम्य में स्वतंत्रता सेनानी श्री बूढ़ानशाह जी के योगदान को चिरस्थायी बनाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि वे संत विनोबा भावे के भू आंदोलन से भी प्रभावित थे और उन्होंने भू आन्दोलन से प्रभावित होकर लोगों को प्रेरित किया, जिससे 4190 एकड़ भूमि कास्तकारों को दान कर भूमि स्वामी बनाकर गोपालपुर गांव बसाया। श्री बूढ़ान शाह ने जीवन भर समाज के निचले तबकों के हक के लिए संघर्ष करते रहे। सुश्री उइके ने कहा कि आज अरण्ड ग्राम के जिस जमीन पर यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है, यह वीरों की भूमि रही है। यहां श्री जहान सिंह और श्री चन्द्रपाल डड़सेना जैसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने जन्म लिया है और देश की आजादी में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि हम यह कल्पना कर सकते हैं कि इस गांव की आबादी अपेक्षाकृत कम रही होगी और विकास की धारा से दूर भी रहा होगा, परन्तु उस समय यहां के लोगों में इतनी जागरूकता होना अपने आप में एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसका श्रेय कहीं न कहीं यहां की मिट्टी और ऐसे महापुरूषों को जन्म देने वाली माताओं को जाता है।

राज्यपाल ने कहा कि मुझे बताया गया कि इस गांव में पूर्ण शराबबंदी है। इस गांव की महिलाओं और पुरूषों के समूह इस अभियान को थामे हुए हैं। लगता है कि जो हमारे पूर्वज थे, जिन्होंने गांधी जी के आदर्शों को अपनाया था, उनका आशीर्वाद अभी भी इस गांव में है, इसलिए आज महात्मा गांधी के रास्तों पर चलते हुए शराबबंदी जैसे कार्यक्रम को मूर्त रूप प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने इस अभियान में योगदान देने वाले सभी प्रबुद्धजनों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने आत्मनिर्भर ग्राम की संकल्पना की थी और इस समय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का नारा दिया है। इसे फलीभूत करने के लिए हम अपने स्वसहायता समूह को शासकीय योजनाओं से जोड़ें और उन्हें प्रशिक्षित करें, ताकि वे स्वयं के उत्पाद बनाएं और उनके उत्पादों को ट्राइफेड तथा शासन के विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बाजार उपलब्ध कराएं।

संपादकीय

सोनिया गांधी की दो टूक

कांग्रेस में नेतृत्व के कथित संकट को लेकर सवाल उठाने वाले जी-23 के नेताओं को कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने दो टूक शब्दों में समझा दिया है कि वे ही कांग्रेस की पूर्णकालिक अध्यक्ष है और उनसे कांग्रेस के नेता सीधे बात करें मीडिया के माध्यम से अपनी बात न रखें। कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में जी-23 के नेताओं के नाम का उल्लेख किए बिना सोनिया गांधी ने उन्हें साफ संदेश दे दिया है। उन्होंने यह भी कहा है कि कोरोनाकाल की वजह से कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में विलंब हो रहा है। शीघ्र ही चुनाव करा लिए जाएंगे। तब तक वे कांग्रेस की पूर्ण कालिक अध्यक्ष के रूप में काम करती रहेंगी। कांग्रेस के अगले अध्यक्ष के बारे में अभी भी अटकलें लगाई जा रही है। पार्टी के अधिकांश नेता राहुल गांधी को एक बार फिर कांग्रेस का अध्यक्ष बनाना चाहते है जिन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था, उसके बाद से सोनिया गांधी कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष के रूप में पार्टी का संचालन कर रही है। राहुल गांधी ने कांग्रेस कार्यसमिति में पारित प्रस्ताव के अनुसार फिर से अध्यक्ष बनाएं जाने की मांग पर विचार करने की बात कही है। दरअसल कांग्रेस इन दिनों संक्रमणकाल से गुजर रही है। उत्तरप्रदेश और पंजाब सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने जा रहे है ऐसी स्थिति में कांग्रेस को अंतर्कलह से जूझना पड़ रहा है जिससे इन चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन प्रभावित होने की संभावना है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में असंतोष उपजने लगा है। जी-23 में शामिल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बयानों से भी पार्टी की छीछालेदर हो रही है। इन तमाम स्थितियों को देखते हुए ही सोनिया गांधी ने पार्टी को नई दिशा देने के लिए अब पूरा समय देने की बात कही है। कांग्रेस संगठन को मजबूती देना और एकजुट रखना उनके लिए एक बड़ी चुनौती है। खासतौर पर इसलिए भी कि जी-23 के नेता असंतुष्ट है। बहरहाल सोनिया गांधी के तीखे तेवर को देखकर अब शायद कांग्रेस में व्याप्त अंतरकलह दूर हो।

विचार

पाकिस्तान में फौजी चौधराहट

इस बार पाकिस्तान में कौन सा फर्मूला चलेगा, जहांगीर करामत वाला या परवेज मुशर्रफ वाला? जब पाकिस्तान के प्रसिद्ध पत्रकार, स्तंभकार और क्रिकेट प्रशासक नजम सेठी अपने एक कार्यक्रम में यह सवाल पूछते हैं, तब उनके सामने पुराने अनुभवों पर आधारित कुछ ठोस कारण हैं। पाकिस्तान के जन्म के साथ ही देश की राजनीति में फौज के निर्णायक हस्तक्षेप की परंपरा पड़ गई थी और समय के साथ संस्थाबद्ध हो गई है। जब मार्शल लॉ नहीं होता है, तब भी विदेश और रक्षा संबंधी मसलों में अंतिम फैसला तो सेना का ही होता है।

कई बार जनता से चुनी सरकारों के प्रतिनिधियों को गलतफहमी हो जाती है कि दूसरे लोकतंत्रों की तरह उनके मुल्क में भी 'सिविल बालादस्ती' या नागरिक श्रेष्ठता का सिद्धांत काम करता है, जिसमें सेना चुनी हुई सरकार के अधीन काम करती है। सारे फैसले सरकार लेती है और सेना नौकरशाही के दूसरे अंगों की तरह उन्हें लागू करती है। इसी गलतफहमी से वह दुविधा उत्पन्न होती है, जिसका जिक्र ऊपर नजम सेठी के इंटरव्यू में आया है। एक जमाने में खुद सेना की निर्मिति रहे नवाज शरीफने अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान सिविल बालादस्ती की बात शुरू कर दी थी। सेनाध्यक्ष जनरल जहांगीर करामत ने जब एक ऐसा बयान दे दिया, जो प्रधानमंत्री को नागवार लगा, तो उन्हें तलब करके उनका इस्तीफा मांग लिया गया। बावजूद इसके कि उनके कई जनरल सरकार का तख्ता पलटने के पक्ष में थे, जहांगीर करामत इस्तीफा देकर चुपचाप घर चले गए। पर यही दांव तब उल्टा पड़ गया, जब 1999 में नवाज शरीफने अपने एक और जनरल परवेज मुशर्रफको बर्खास्त किया, तो सेना के वरिष्ठ ने उन्हें ही अपदस्थ कर मार्शल लॉ लगा दिया। नजम सेठी या दूसरे राजनैतिक विश्लेषक पिछले दस दिनों से सांस रोके राष्ट्र को उस संकट से आगाह करने की कोशिश कर रहे हैं, जो कोर कमांडरों की एक बैठक में वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की नई नियुक्तियों के संबंध में लिए गए निर्णयों से उत्पन्न हुआ है। पाकिस्तान की जमीनी हकीकत जानने वाले जानते हैं कि कोर कमांडरों की समिति कई मामलों में केंद्रीय मंत्रिमंडल से भी अधिक ताकतवर होती है। इस समिति ने आधे दर्जन से अधिक कोर कमांडरों को इधर से उधर किया, तब तक तो ठीक था, लेकिन उन्होंने इमरान के पसंदीदा आईएसआई प्रमुख जनरल फैज हमीद को भी बदल डाला और वह भी बिना प्रधानमंत्री से पूछे। नवनियुक्त आईएसआई प्रमुख को अपना कार्यभार संभालने के पहले प्रधानमंत्री की सहमति की दरकार है और यहीं पर पेच फंसा हुआ है।

पाकिस्तान में जहां चार बार घोषित और कई बार अघोषित मार्शल लॉ लग चुके हैं, वहां एक अलिखित परंपरा है कि डीजी आईएसआई प्रधानमंत्री अपनी मर्जी और पसंद से लगाते रहे हैं। परंपरा के अनुसार, सेना मुख्यालय तीन से चार लेफ्टिनेंट जनरलों के नाम प्रधानमंत्री के पास भेजता है और उनमें से किसी एक नाम पर सहमति के साथ फाइल वापस आ जाती है। इस बार यह परंपरा तोड़ दी गई और कोर कमांडरों ने ही वर्तमान डीजी आईएसआई लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद को हटाकर लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अहमद अंजुम को नया डीजी आईएसआई लगा दिया। परदे के पीछे क्या हुआ, पूरा तो किसी को नहीं पता, पर इतना छन-छनकर बाहर आ गया है कि लेफ्टिनेंट जनरल फैज इमरान खान के बहुत करीब हो गए थे और यही सैन्य नेतृत्व को खटक रहा था।

ये यात्रा यूपी में परिवर्तन लाएगी

राजेश माहेश्वरी

> प्रदेश के लगभग 50 फीसदी पिछड़ी जातियों के मतदाताओं में दस फीसद यादव हैं और ऐसा माना जाता है कि यादव बिरादरी का वोट काफी हद तक समाजवादी पार्टी को ही जाता है। यदि शेष ओबीसी वोटों में सेंध लगाने में समाजवादी पार्टी कामयाब हुई, तो उसके लिए निर्णायक स्थिति होगी। गैर-यादव ओबीसी वोट बैंक की बात करें तो दूसरे नंबर पर पर पटेल और कुर्मी वोट बैंक आता है। यूपी के सोलह जिलों में कुर्मी और पटेल वोट बैंक छह से 12 फीसदी तक है। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम कुर्मी जाति से आते हैं। नरेश सर्व समाज के साथ ही साथ पिछड़े वर्ग के वोटरों को 'किसान नौजवान पटेल यात्रा' के जरिये सपा से बखूबी जोड़ रहे हैं। किसान, युवा, मजदूर और हर वर्ग से करीब से जुड़े नरेश उत्तम युवा अखिलेश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर 2022 में साइकिल को जिताने के लिए पसीना बहा रहे हैं। उनका देसी अंदाज, साफगोई और मुद्दे जनता को पसंद आ रहे हैं।

उत्तर प्रदेश 2022 के विधानसभा चुनावों की दहलीज पर खड़ा है। प्रदेश में सत्तासीन भाजपा की सीधी टक्कर समाजवादी पार्टी से है। फिलवक्त भी भाजपा के बाद सबसे ज्यादा विधायक सपा के खाते में ही हैं। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 12 अक्टूबर से विधानसभा चुनाव में समाजवादी झण्डा लहराने के लिये विजय रथ यात्रा की शुरूआत की है। सड़क से सदन और सोशल मीडिया तक जिस तरह बीजेपी और सपा के बीच तीखी जुबानी जंग दिखाई देती है, उससे इस बात का स्पष्ट आभास होता है कि बीजेपी भी मानती है कि उसका मुकाबला किसी और से नहीं बल्कि समाजवादी पार्टी से है। युवा अखिलेश यादव परिवर्तन की नई इबारत लिखने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। तो वहीं युवा अखिलेश के सपनों में रंग भरने में सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम भी कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं।

समाजवादी पार्टी किसानों, मजदूरों व नौजवानों के मुद्दों को लेकर 'किसान नौजवान पटेल यात्रा' निकाल रही है। इस यात्रा की कमान नरेश उत्तम के हाथों में ही है। इस यात्रा की शुरूआत बीते 29 अगस्त को सीतापुर से हुई है। सात चरणों की यह यात्रा 64 दिनों में 46 जिलों में जाएगी। इसका समापन 31 अक्टूबर को प्रयागराज में होगा। इस यात्रा के जरिए सपा, भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ विभिन्न जिलों में खेत, खलिहान, कुटीर उद्योग बचाओ, रोजगार दो आदि मुद्दों को लेकर सरकार को बखूबी घेर रही है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि नरेश उत्तम इस यात्रा के माध्यम से समाजवादी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने में दिन-रात एक किये हुये हैं। इस यात्रा को लेकर आम जनमानस में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। जब मंच से नरेश उत्तम अपने खांटी देसी अंदाज में भाजपा और विरोधियों पर तीखे शब्द बाण चलाते हैं, तो चारों और हवा में समाजवादी पार्टी के नारे सुनाई देते हैं।

नरेश उत्तम जमीन से जुड़े नेता हैं। सादगी, विनम्रता, सहजता और संवाद की अद्भुत कला उनके व्यक्तित्व में चार चांद लगाते हैं। सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाले फतेहपुर जनपद के मूल निवासी नरेश उत्तम छात्र जीवन से राजनीति से जुड़े रहे हैं। उनका परिवार लहुरी सराय में आज भी खेती किसानी पर पूरी तरह से निर्भर है। नरेश

> 'किसान नौजवान पटेल यात्रा' के माध्यम से नरेश उत्तम समाजवादी पार्टी के संदेश जनता तक पहुंचा रहे हैं। वहीं वो भाजपा सरकार की नाकामियों को भी जमकर गिनाते हैं। बकौल नरेश उत्तम, देश में बहुसंख्यक समाज पर पूंजीवादी राज कर रहा है, पूंजीपति इस देश की तकदीर को निर्धारित कर रहे है। देश का किसान व नौजवान परेशान है व्यापारी व छोटे उद्योग कर्मियों की रीढ़ की हड्डी तोड़ दी है, सीमा पर खड़ा जवान व खेत पर किसान यदि परेशान है तो देश खुशहाल व समृद्ध नहीं हो सकता है। अपनी यात्रा के दौरान भाषणों में नरेश उत्तम किसानों की परेशानियों और दुःख-दर्द को जोर-शोर से उठाते हैं। असल में नरेश उत्तम स्वयं किसानी वाले परिवार से संबंध रखते हैं।

उत्तम ने जिले के जहानबाद के लहुरी सराय गांव के प्राथमिक विद्यालय से अपनी शिक्षा शुरू की थी। अपने दो भाईयों में छोटे रहे नरेश उत्तम ने कानपुर के डीएवी लॉ कॉलेज से राजनीतिक पारी की शुरूआत की थी। 1980 में मुलायम सिंह के संपर्क में आने के बाद वे राजनीति में आए और उन्हें समर्पित सपा कार्यकर्ता और विवादरहित नेता कहा जाता है।

1989 में जनता दल से विधायक बने और मुलायम सिंह की सरकार में वन मंत्री रहे। उसके बाद 1991 में चुनाव हार गए, तब से समाजवादी पार्टी में हैं। 1993 में मुलायम के दूसरे कार्यकाल में दौरान नरेश उत्तम को यूपी पिछड़ा आयोग का सदस्य बनाया गया और मंत्री पद दिया गया। 2006 और 2012 में भी वे विधान परिषद के रहे. जब अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश सपा के अध्यक्ष थे तो उत्तम उनके डिप्टी थे, लेकिन शिवपाल के पद संभालने के बाद उन्हें हटा दिया गया था। खास बात यह है कि नरेश उत्तम सपा के संस्थापक मंडली के सदस्य भी और मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी माने जाते हैं। नरेश की पहचान गुटबाजी से दूर रहने वाले बेदाग छवि के नेता की है, इसलिए अखिलेश यादव ने सपा प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पूरे विश्वास के साथ नरेश को सौंपी।

'किसान नौजवान पटेल यात्रा' के माध्यम से नरेश उत्तम समाजवादी पार्टी के संदेश जनता तक पहुंचा रहे हैं। वहीं वो भाजपा सरकार की नाकामियों को भी जमकर गिनाते हैं। बकौल नरेश उत्तम, देश में बहुसंख्यक समाज पर पूंजीवादी राज कर रहा है, पूंजीपति इस देश की तकदीर को निर्धारित कर रहे है। देश का किसान व नौजवान परेशान है व्यापारी व छोटे उद्योग कर्मियों की रीढ़ की हड्डी तोड़ दी है, सीमा पर खड़ा जवान व खेत पर किसान यदि परेशान है तो देश खुशहाल व समृद्ध नहीं हो सकता है।

अपनी यात्रा के दौरान भाषणों में नरेश उत्तम किसानों की परेशानियों और दुःख-दर्द को जोर-शोर से उठाते हैं। असल में नरेश उत्तम स्वयं किसानी वाले परिवार से संबंध रखते हैं। उनका परिवार आज भी खेती से जुड़ा है। ऐसे में नरेश को मालूम है कि किसान की असल समस्याएं क्या हैं? और उन समस्याओं का कैसे हल किया जा सकता है। वो अपने भाषणों में कहते हैं कि, देश कृषिप्रधान देश है इसमें देश की 70 प्रतिशत जन संख्या प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर कर रही है देश में लगातार यूरिया, डीएपी के दामों में लगातार वृद्धि विगत पांच वर्षों में होती आई है। फसलों का न्यूनतम लागत मूल्य ना देकर किसानों को छला जा रहा है इसके बाबजूद भी किसानों के लिए कृषि बिल लाकर किसानों को उनकी ही जमीन कर मजदूर बनाया जा रहा है। यूपी विधानसभा चुनाव में कानून व्यवस्था बड़ा मुद्दा बनेगा। नरेश उत्तम इस बात को बखूबी जानते हैं। वो जमीनी नेता हैं इसलिए वो मंच से कहते हैं कि, भाजपा सरकार में किसान, महिलाएं, बच्चे, नौजवान से लेकर महंत तक सुरक्षित नहीं हैं। सपाइयों को लाल टोपी वाला गुंडा कहकर फर्जी मुकदमे लिखे जा रहे हैं। प्रदेश में इमरजेंसी जैसे हालात हैं। नरेश कहते हैं, समाजवादी पार्टी की लाल टोपी परिवर्तन का प्रतीक है आपातकालीन समय में लाल टोपी ने ही परिवर्तन किया था और एक बार फिर यही लाल टोपी प्रदेश में परिवर्तन करेगी। नरेश उत्तम की आक्रमक भाषा शैली, तेवर और सरकार की नाकामियों पर प्रहार करने का अंदाज इस बात का बखूबी एहसास कराता है कि सूबे में इस यात्रा के साथ परिवर्तन की बयार बहती दिख रही है। समाजवादी पार्टी में पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे बेनी प्रसाद वर्मा के निधन के बाद पार्टी में कोई बड़ा कुर्मी नेता नहीं रहा है।

तालिबानी चक्रव्यूह में फंसती शेख हसीना

विष्णुगुप्त

> पाकिस्तान और उसकी बदनाम गुप्तचर एजेंसी आईएसआई सहित अन्य मुस्लिम आतंकवादी संगठनों की उपस्थिति, सक्रियता और हस्तक्षेप भी स्पष्ट है। बांग्लादेश का तालिबानी करण तेजी के साथ हो रहा है। बांग्लादेश को एक तालिबानी देश में तब्दील करने की मजहबी प्रक्रिया बहुत तेज चल रही है। अफगानिस्तान का तालिबानीकरण करने के बाद तालिबानी शक्तियों के हौसलें बढ़े हैं। तालिबानी शक्तियां गैर मुसलमानों का निशाना बनाना शुरू कर दिया था। अफगानिस्तान से भी हिन्दूओं और सिखों का सफाया हो रहा है। कश्मीर में जो मुस्लिम आतंकवाद की आंच लगभग बुझ गयी थी उस मुस्लिम आंतकवाद की आंच को फिर से लहरायी जा रही है।

शेख हसीना ने अपने पिता शेख मुजीबुर्ररहमान के आत्माघाती नक्शेकदम पर चलना शुरू कर दिया था। शेख मुजुबर्र रहमान ने इसी तरह भारत को आंख दिखाना शुरू कर दिया था और भारत की सेना की उपस्थिति को अपनी संप्रभुत्ता में हस्तक्षेप मानना शुरू कर दिया था। खासकर भारतीय गुप्तचर एजेंसी '' रा ' की सक्रिया शेख मीजुर्बर रहमान को अच्छी नहीं लगती थी। जबकि भारतीय गुप्तचर एजेंसी ' रा' को यह मालूम था कि पाकिस्तान अपनी नापाक चालें चल रहा और पाकिस्तान परस्त ताकतें साजिशों में लगी हुई हैं। भारत ने जब यह देखा कि शेख मुजीर्बुर रहमान खुद जब अपने उपर मंडरा रहे खतरों को लेकर उदासीन हैं और खुशफहमी से भरे हुए हैं तब उनकी पाकिस्तान और पाकिस्तान परस्त आतंरिक ताकतों के खिलाफ सक्रियता का कोई अर्थ नहीं रह जाता है। 'रा ' ने अपनी सक्रियता लगभग समाप्त कर दी थी। इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि शेख मुजीर्बुर रहमान मारे गये और उनके परिवार का सफाया कर दिया गया। उनके परिवार में सिर्फ शेख हसीना ही बची थी जो बांग्लादेश से बाहर थी। अगर शेख मुजीर्बुर रहमान भारत को आंख दिखाने की कोशिश नहीं करते, भारत के अहसान को बोझ नहीं समझते, भारत को बांग्लादेश के मामलों में सक्रिय रहने से अलग नहीं करते तो फिर उनकी सरकार का तत्खापलट होता नहीं और न ही उनकी हत्या होती, उनका परिवार भी सुरक्षित होता।

दुर्भाग्य से शेख हसीना अपने पिता मुजुर्बर रहमान का इतिहास दोहरा रही हैं। शेख हसीना का आंख दिखाना भारत के लोगों को कहीं से भी अच्छा नहीं लगा, अब तक उन्हें भारत का अच्छा मित्र माना जाता था, सांप्रदायिकता के खिलाफ लड़ने वाला शख्स माना जाता था, उन्हें धर्मनिरपेक्षता के प्रति समर्पित माना जाता था, उन्हें

पाकिस्तान के दुश्चक्र न फंसने वाली शख्सियत माना जाता था। लेकिन उन्होंने भारत को आंख दिखा कर अपनी विशेषताएं खुद ही ध्वस्त कर दी, भारतीय लोगों के विश्वास पर खुद बुलडोजर चला दिया। भारत के लोगों को ऐसी उम्मीद कभी नहीं थी। भारत सरकार ने शेख हसीना के इस आंख दिखाने वाली गुस्ताखी पर कोई प्रतिक्रिया नही जाहिर की है, प्रतिक्रिया न जाहिर कर भारत सरकार ने अच्छा ही किया है। पर भारत सरकार ने उनकी गुस्ताखी को जरूर संज्ञान में लिया है। खासकर सोशल मीडिया में शेख हसीना की आंख दिखाने वाली गुस्ताखी को खूब संज्ञान में लिया गया, सोशल मीडिया में इसके खिलाफ खूब प्रतिक्रिय हुई, शेख हसीना को नसीहतें भी दी गयी और सावधान भी किया गया। अगर भारत और बांग्लादेश के संबंध बिगड़ते हैं तो फिर इसका नुकसान किसको होगा? इसका सर्वाधिक नुकसान भारत को नहीं बल्कि बांग्लादेश को ही होगा और खासकर शेख हसीना को ही होगा। शेख हसीना यह सोच रही है कि भारत को आंख दिखा कर वह बहुत बड़ी जीत हासिल की हैं या फिर भारत को कड़ा संदेश दे दिया है तो यह उनकी बहुत बड़ी भूल होगी। बांग्लादेश में स्थितियां तेजी के साथ विकट हो रही हैं। सांप्रदायिक शक्तियों का तालिबानीकरण हो रहा है। तालिबानीकरण खुद शेख हसीना के शासन के लिए ठीक नहीं है। तालिबानी शक्तियों का लक्ष्य शेख हसीना को हटाना और बांग्लादेश को अफगानिस्तान और पाकिस्तान की तरह तालिबानी देश घोषित कराना है? बांग्लादेश में हिन्दू मंदिरों और पूजा पंडालों में जो श्रृखंला बद्ध हमले हुए हैं वे पूर्व नियोजित रहे हैं। बांग्लादेश का मीडिया भी यह मानता है कि हमले पूर्व नियोजित थे, साजिशन थे। पूजा पंडाल में साजिशकर्ताओं ने स्वयं कुरान की प्रति रखवायी थी और अफवाह फैला कर हिंसा की थी। बांग्लादेश के हिन्दू पहले से ही डरे हुए हैं। डरे हुए हिन्दू बांग्लादेश को छोड़कर बाहर जाने के अवसर तलाशते रहते हैं। इसलिए बांग्लादेश के हिन्दुओं के अंदर इतनी शक्ति है नहीं कि वे कुरान का अपमान करें। कुरान के अपमान का दुष्परिणाम हिन्दुओं को पहले से मालूम है। जहां भी कुरान का अपमान हुआ है वहां मुस्लिम समुदाय हिंसा मचाती है, कत्लेआम करती है। इसलिए हिन्दू यह गुस्ताखी कर ही नहीं सकते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि हिन्दू समुदाय कुरान ही क्यों बल्कि सभी धर्मगंथों में विश्वास रखती है। हिन्दू समुदाय का किसी भी धर्म ग्रंथ का अपमान करने या फिर उसकी खिल्ली उड़ाने का स्वभाव और मानसिकताएं नहीं होती है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

फीका-फीका आज

फीका-फीका आज क्यों,लगता हर त्योहार। सोचा तो पाया यही ,हम खुद जिम्मेदार। हम खुद जिम्मेदार,तिरस्कृत संस्कृति करते। अपना गौरव-गान , सदा करने से डरते। आपस में रख मेल ,लगाओ मंगल टीका। रहे साथ परिवार,पर्व फिर लगे न फीका।।

- डॉ बिपिन पाण्डेय

पवन वेग से तुम

पवन वेग से तुम चले आते हो, स्वप्न के झूले पर मुझको झुलाते हो। पल रही वेदना वर्षो से इस मन में, गीतों के बहाने से दर्द को चुराते हो। नींद भरी पलकों में टूटे कई सपने हैं, ख्वाबों में आकर फिर भी तुम बुलाते हो। चांद के संग संग तुम भी आ जाते हो, भोर के उजाले में कहां खो जाते हो। किरणों को मुट्ठी में लिए सुबह आ गई, पल भर के साथ में नई उम्मीदें जगाते हो।

-रश्मि ठाकुर

खास पाती

सदके किये हैं हमने भी

सदके किये हैं हमने भी तो अपने प्यार के यूँ ही नहीं मिले हैं हमें दिन बहार के क्यों देखते हैं आप हमेशा चुभन को ही महसूस कीजिये कभी वो दुख भी खार के तुम क्या गए कि रूठ गए दिन बहार के अब तो बचे हैं लम्हे यहाँ इंतज़ार के रोटी में मिलती ही नहीं खुश्बू पुरानी अब सिकती हैं रोटियाँ यहाँ अब बिन अँगार के खेतों को जो समेट रहे गमलों में वही बैठें हैं आज धरनों पे कृषि को डकार के चिड़िया का चहचहाना अचानक बदल गया पत्ते हिलाए चील ने जब देवदार के आँगन में खेल कर ही बड़ी जब हुई हो 'भवि' अंजान चर्चों से रही दीवार पार के। **- शुचि 'भवि'**

प्यार में दिल पर गिरी जब

प्यार में दिल पर गिरी जब बिजलियाँ ज़ीस्त की होने लगी बर्बादिया याद उनकी दिल से कोसों दूर है आज हैं तनहा मेरी तनहाइया बाग़बाँ कैसा चमन का आज है सहमी-सहमी है चमन की तितलियाँ ये सियासत बाँटती है नफ़रते जल रही हैं रोज़ कितनी बस्तियाँ हक़ कभी ना माँगिये सरकार से माँगते जो हक़ हैं खाते लाठियाँ रो रहे हैं लोग मँहगाई से अब देखिये अच्छे दिनो की झाँकियाँ ना निवाला ना ठिकाना ही मिला है सड़क ही मुफ़लिसों का आशियाँ मुल्क के हालात 'ऐनुल' क्या कहें ख़त्म है अब पैकरे रअनाइयाँ। **- 'ऐनुल' बरौलवी**

बन रहा था, बिगड़ रहा था

बन रहा था, बिगड़ रहा था मैं, खुद से मिलकर बिछड़ रहा था मैं मेरी आदत है साफकहने की, चुप था, फित्तरत से लड़ रहा था मै लौटकर रास्ता वहीं आया मुझको लगता था बढ़ रहा था मैं कह दिया उसने कुछ न कहकर भी, उसकी बातों को पढ़ रहा था मै। **- निश्चय बाजपेई**

बूढ़ा बरगद देख रहा है अपना

बूढ़ा बरगद देख रहा है अपना ही अवसान। तना-डाल-फल-फूल-पत्तियां, रख आपस में द्वेष। संबंधों की मर्यादा में, नहीं रखा कुछ शेष। एक-दूसरे से खुद को बस, जतला रहे महान। जिस पर आकर बैठा करती थी चिड़ियों की फ़ौज। उसी वृक्ष के नीचे करते, जन्तु कई थे मौज। किन्तु कलह के छिड़ने से तरु, लगता अब वीरान। जिसे जवानी में लगता था, मैं ही हूँ समृद्ध। आज स्वयं असहाय खड़ा है, हो जाने पर वृद्ध। अपनी ही संतानों से वह, बचा न पाया शान। **- भाऊराव महंत**

चार बातों में कभी भी शर्म

चार बातों में कभी भी शर्म और संकोच नहीं महसूस करनी चाहियें पुराने कपड़े गरीब मित्र बुजुर्ग माता-पिता और सरल जीवन-शैली आंसू बहाने से कोई अपना नहीं होता जो अपना होता है वो रोने ही कहाँ देता है किसी को उजाड़ कर बसे तो क्या बसे किसी को रुला कर हँसे तो क्या हँसे।**- अरूणा राव**

किसी दिन जब मेरे जीवन के

किसी दिन जब मेरे जीवन के पन्ने पुरे होंगे, मुझे पता है कि मेरी बेटियाँ सबसे सुंदर अध्यायों में से एक होगी। कहती हैं बिटिया मेरी- माँ ये जीवन तेरी ही खुदाई है, कहने को तो मै हूँ पर मेरी हर सांस ये तेरी ही दुआई है, कहने को तो मैं तेरी बेटी हूँ, सच तो ये है माँ मैं तेरी ही परछाई हूं। **- डॉ दुलारी चंद्राकर**

फिक्र नही उम्र के ढलने की

फिक्र नही उम्र के ढलने की मुझको मैने तजुर्बे से सौदा बेशक किया है बालों मे चमक चाँदी की हो मगर मौका ज़िंदगी को महकने का दिया है कहने को ज़िन्दगी गुज़रती है रफ्ता एक उम्र के बाद सिर्फकटती मगर है लम्हों को रोकने की कोशिश नही कीगुज़रते हुये पल को यूँ गुज़रने दिया है ।**- शिखा लाहिरी**

QUIZ TIME

1) सी जी कॉप मोबाइल एप्प किसके द्वारा जारी किया गया?
2) कोको की खेती छत्तीसगढ़ में कहाँ किया जा रहा है?
3) अलकनंदा जलप्रपात छत्तीसगढ़ के किस जिले में स्थित हैं?
4) 2019-20 हंसकथा सम्मान किसे दिया गया ?
5) डॉ. गीता शर्मा का गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम क्यों दर्ज है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) छ.ग. पुलिस विभाग द्वारा (2) कोण्डागांव (3) जशपुर जिला (4) कामेश्वर पांडेय, कोरबा (5) शिव महापुराण के 24 हजार श्लोकों का छत्तीसगढ़ी में अनुवाद किया

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1568 - अकबर ने चित्तौड़गढ़ पर आक्रमण किया। 1740 - मारिया थेरेसा आस्ट्रिया, हंगरी और बोहमिया की शासक बनी। 1774 - कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) भारत की राजधानी बनी। 1822 - लंदन संडे टाइम्स का पहला अंक प्रकाशित। 1880 - एम्सटर्डम मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना। 1904 - चिली और बोलविया ने शांति और मित्रता की संधि पर हस्ताक्षकर किया। 1905 - रूस में 11 दिन तक चले ऐतिहासिक हड़ताल की शुरुआत हुई। 1946 - वियतनाम की डेमोक्रेटिक रिपब्लिकन सरकार ने 20 अक्टूबर को वियतनाम महिला दिवस के रूप में घोषित किया। 1947 - अमेरिका और पाकिस्तान ने पहली बार राजनयिक संबंध स्थापित किये। 1962 - चीन ने भारत पर हमला किया और अरुणाचल प्रदेश के रास्ते भारत के अंदर तक प्रवेश की कोशिश की। 1963 - दक्षिण अफ्रिका में नेल्सन मंडेला और आठ अन्य के खिलाफ मामला शुरु 1970- सैयद बर्रे ने सोमालिया को समाजवादी राज्य घोषित किया। 1991 - भारत के उत्तरकाशी में 6.8 तीव्रता के भूकंप से 1000 से ज्यादा लोगों की मौत। 1995 - संयुक्त राष्ट्र महासभा का विशेष स्वर्ण जयंती अधिवेशन आरम्भ। श्रीलंका क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज को हराकर शारजाह कप फाइनल ट्रॉफी अपने नाम किया। 2003 - बेटिकन सिटी में जीवन पर्यन्त दबे-कुचले वर्ग के लिए संघर्ष करने वाली ग़रीबों की मसीहा मदर टेरेसा को रोमन कैथोलिक चर्च की सर्वोच्च सत्ता पोप जॉन पाल द्वितीय का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

65 वर्ष के हुए सनी देओल

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के माचोमैन सन्नी देओल आज 65 वर्ष के हो गये। 19 अक्टूबर 1956 को जन्में सन्नी देओल को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनके पिता धर्मेन्द्र हिंदी फिल्मों के जाने माने अभिनेता थे। घर में फिल्मी माहौल रहने के कारण सन्नी अक्सर अपने पिता के साथ शूटिंग देखने जाया करते थे इस वजह से उनका भी रुझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेता बनने के ख्वाब देखने लगे।सन्नी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मुंबई से पूरी की। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड के मशहूर ओल्ड बेव थियेटर में अभिनय की शिक्षा पूरी की। सन्नी ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत अपने पिता की निर्मित फिल्म 'बेताब' से की। वर्ष 1983 में राहुल रवैल के निर्देशन में युवा प्रेम कथा पर बनी यह फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई। फिल्म 'बेताब' की सफलता के बाद सन्नी को 'सोहनी महिवाल', 'मंजिल मंजिल', 'सन्नी', 'जबरदस्त' जैसी फिल्मों में काम करने का अवसर मिला लेकिन इनमें से कोई फिल्म टिकट खिड़की पर कामयाब नहीं हो सकी।वर्ष 1985 में सन्नी को एक बार फिर राहुल रवैल के निर्देशन में बनी फिल्म 'अर्जुन' में काम करने का अवसर मिला जो उनके सिने करियर की एक और सुपरहिट फिल्म साबित हुई। इस फिल्म में सन्नी ने एक ऐसे युवा की भूमिका निभाई जो राजनीति के दलदल में फंस जाता है। फिल्म की सफलता के साथ ही सन्नी देओल एक बार फिर फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खोई हुई पहचान बनाने में कामयाब हो गए। फिल्म अर्जुन की सफलता के बाद सन्नी देवोल की छवि एंग्री यंग मैन स्टार के रूप में बन गयी। इस फिल्म के बाद निर्माता निर्देशकों ने अधिकतर फिल्मों में सन्नी देओल की इसी छवि को भुनाया। इन फिल्मों में 'सल्तनत', 'डकैत', 'यतीम', 'इंतकाम', 'पाप की दुनिया' जैसी फिल्में शामिल हैं।वर्ष 1990 में प्रदर्शित फिल्म 'घायल' सन्नी के सिने करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार की जाती है। फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिए सन्नी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार के साथ ही राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म 'नरसिम्हा' सन्नी के सिने करियर की सुपरहिट फिल्मों में शुमार की जाती है। एन. चंद्रा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सन्नी देओल का किरदार पूरी तरह ग्रे शेडस लिए हुए था।

सुजॉय घोष की थ्रिलर फिल्म में काम करेंगी करीना कपूर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर निर्देशक सुजॉय घोष की थ्रिलर फिल्म में काम करती नजर आयेंगी।

सुजॉय घोष काफी समय से करीना कपूर को लेकर फिल्म बनाना चाह रहे थे। बताया जा रहा है कि सुजॉय ,करीना को लेकर थ्रिलर फिल्म बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म को जय शेवकरमणि प्रोड्यूस करेंगे। बताया जा रहा है कि करीना और सुजॉय दोनों इस फिल्म के लिए उत्साहित हैं। फरवरी से इस फिल्म की शूटिंग शुरू की जा सकती है। यह फिल्म दार्जिलिंग और कलिम्पोंग में शूट की जाएगी और इसे दो महीनों में खत्म करने की पूरी कोशिश की जाएगी।

करीना कपूर फिल्म में लीड रोल में दिखाई देंगी। करीना ने हाल ही में आमिर खान के साथ लाल सिंह चड्ढा की शूटिंग पूरी की है। यह फिल्म हॉलीवुड फिल्म 'फॉरेस्ट गंप' का ऑफिशियल हिंदी रीमेक है। यह फिल्म अगले साल वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होगी।

इमरान हाशमी और निकिता की हॉरर-थ्रिलर फिल्म 'डिब्बुक' का टीजर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी और निकिता दत्ता की हॉरर-थ्रिलर फिल्म 'डिब्बुक' का टीजर रिलीज हो गया है। प्राइम वीडियो ने हॉरर-थ्रिलर फिल्म 'डिब्बुक-द कर्स इज रियल' का एक रोमांचक टीजर रिलीज कर दिया है। इस फिल्म में इमरान हाशमी और निकिता दत्ता नजर आएंगी। फिल्म का निर्माण पैनोरमा स्टूडियोज और टी-सीरीज द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस फिल्म के साथ इमरान हाशमी अपना डिजिटल डेब्यू कर रहे है। यह फिल्म 29 अक्टूबर, 2021 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। जय के द्वारा लिखित और निर्देशित 'डिब्बुक' वर्ष 2017 में प्रदर्शित मलयालम ब्लॉकबस्टर फिल्म एज्रा का आधिकारिक रीमेक है।

'बिटिया छठी माई के 2 ' के लिये रोमांचित हैं यश कुमार

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता यश कुमार अपनी आने वाली फिल्म 'बिटिया छठी माई के 2 ' के लिये रोमांचित हैं।

वर्ष 2019 में यश कुमार की फ़िल्म बिटिया छठी माई रिलीज हुयी थी, जिसे दर्शकों ने बेहद पसंद किया था। इसी फिल्म का सीक्वल 'बिटिया छठी माई के 2 'बन कर तैयार है जो जल्द ही रिलीज होने वाली है। फिल्म में यश कुमार और निधि झा की जोड़ी अहम किरदार में नजर आयेगी। यश कुमार 'बिटिया छठी माई के 2 ' के लिये बेहद रोमांचित है।

न्यूज गैलरी

एम्बेसी आरईआइटी ने जुटाया 4,600 करोड़ का ऋण

बेंगलुरु (वार्ता)। एम्बेसी ऑफिस पार्क्स आरईआईटी की भारतीय कंपनी एम्बेसी आरईआईटी ने 4600 करोड़ रुपये का ऋण जुटाने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि वह 6.5 प्रतिशत की ब्याज दर पर 4,600 करोड़ रुपये के कूपन बियरिंग ऋण को जुटाने में सफल रही है। एम्बेसी आरईआईटी भारत का पहला सूचीबद्ध आरईआईटी और क्षेत्रफल के लिहाज से एशिया में सबसे बड़ा है। इस ऋण के जरिए जुटाई गई पूंजी की मदद से प्राप्त आय का उपयोग एम्बेसी आरईआईटी द्वारा अपने मौजूदा शून्य-कूपन बॉन्ड को चुकाने के लिए किया जाएगा, जिसकी कुल रकम 4,350 करोड़ रुपये बकाया है। एम्बेसी आरईआईटी इस रिफाइनेंसिंग के माध्यम से ब्याज पर सालाना 300 आधार अंकों की ब्याज बचत हासिल करने में सक्षम होगी।

अनंत बिष्ट के नाबाद 95 रनों से सोनेट फाइनल में

नई दिल्ली (वार्ता)। पुश एकेडमी क्रिकेट लीग अंडर-13 टूर्नामेंट 2021 के सेमीफाइनल मुकाबले में गुरुग्राम के डोम क्रिकेट ग्राउंड में पुश दहिया क्रिकेट एकेडमी के खिलाफ खेलते हुए सोनेट एकेडमी ने 38 रन से जीत दर्ज की और फ़ाइनल में स्थान बना लिया। क्रैगबज मैन ऑफ द मैच अनंत बिष्ट (95 अविजित) रहे। सोनेट अकादमीः 40 ओवर में 217/5ः अनंत बिष्ट नाबाद 95 (83 गेंद , 10*चौके और दो छक्के), शौर्य सिंधु नाबाद 46 , प्रिंस मिश्रा (2/24)। पुश दहिया क्रिकेट अकादमीः 40 ओवर में 179/8ः ईशान मेहरा 36, शौर्य सिंधु (2/20)।

शीर्ष क्रम के फॉर्म को लेकर चिंतित श्रीलंका

अबू धाबी (वार्ता)। मौजूदा आईसीसी टी-20 विश्व कप के अपने पहले क्वालीफायर मुकाबले में यहां सोमवार को नामीबिया पर सात विकेट से आसान जीत दर्ज करने के बावजूद श्रीलंका अपने शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी को लेकर चिंतित है। दरअसल इस मैच में उसके तीनों शीर्ष क्रम के बल्लेबाज पथुम निसंका, कुशल परेरा और दिनेश चांदीमल ज्यादा कुछ नहीं कर पाए थे। तीनों क्रमशः पांच, 11 और पांच रन बना कर आउट हो गए थे, हालांकि बाद में मध्य क्रम के बल्लेबाजों अविष्का फर्नांडो और भानुका राजपक्षे ने शानदार पारियां खेल कर टीम को आसान जीत दिलाई थी।

मुनाफा वसूली ने सेंसेक्स को 62 हजार अंक के शिखर से गिराया

मुंबई (वार्ता)। आर्थिक गतिविधियों की तेजी से अर्थव्यवस्था के प्रति निवेशकों के बढ़े भरोसे की बदौलत महज दो दिन में एक हजार अंक बढ़कर आज 62 हजार अंक के नये शिखर पर चढ़ा सेंसेक्स मुनाफावसूली का शिकार होने के कारण बुलंदी पर टिक नहीं पाया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स मंगलवार को 62 हजार अंक के पार खुला और 62,245.43 अंक के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर भी पहुंचा लेकिन अंतिम समय में ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली के कारण यह 49.54 अंक फिसलकर 61,716.05 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 18,604.45 के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर चढ़ने के बाद 58.30 अंक टूटकर 18,418.75 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों के विपरीत छोटी और मझौली कंपनियों में मुनाफावसूली का अधिक दबाव रहा। बीएसई का मिडकैप 533.85 अंक लुढ़ककर 26,418.28 अंक पर और स्मॉलकैप

538.20 की बड़ी गिरावट लेकर 29,562.60 अंक पर रहा। बीएसई में कुल 3489 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2382 में गिरावट जबकि 979 में तेजी रही। एनएसई में 34 कंपनियों के शेयर गिरे जबकि 16 चढ़ गये। ऊर्जा, कैपिटल गुड्स, टेक और आईटी समूह की 1.34 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर शेष 15 समूह में मुनाफावसूली हावी रही। इस दौरान रियल्टी समूह में सबसे अधिक 4.56 प्रतिशत की गिरावट रही। इसके अलावा एफएमसीजी 3.12, बेसिक मैटेरियल्स 2.65, सीडीजीएस 2.06, यूटिलिटीज 2.18, धातु 2.37 और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के शेयर 2.85 प्रतिशत गिरे। विदेशी बाजारों में तेजी रही। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.06, जर्मनी का डैक्स 0.07, जापान का निक्केई 0.65, हांगकांग का हैंगसैंग 1.49 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.70 प्रतिशत चढ़ गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 390.89 अंक की तेजी लेकर 62,156.48 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 61,594.29 अंक के निचले स्तर तक फिसल गया। लिवाली होने से दोपहर बाद यह 62,245.43 अंक के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंचा लेकिन अंतिम समय में हुई मुनाफावसूली के कारण यह शिखर से गिर गया और पिछले सत्र के 61,765.59 अंक की तुलना में 0.08 प्रतिशत उतरकर 61,716.05 अंक पर रहा।

टी20 विश्वकप में स्पिन गेंदबाज़ों पर होगी बड़ी जिम्मेदारी: राशिद

दुबई (वार्ता)। अफ़ग़ानिस्तान के स्ट्राइक लेग स्पिन गेंदबाज़ राशिद ख़ान को भरोसा है कि टी20 विश्वकप में भी स्पिन गेंदबाज़ों का ही बोलबाला रहेगा। राशिद अपने देश के लिए दूसरा टी20 विश्वकप खेल रहे हैं, 'द क्रिकेट मंथली' के साथ बात करते हुए उन्होंने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के इन तीनों ही स्थानों की पिच स्पिन गेंदबाज़ों के लिए मुफीद रहेगी। राशिद ने कहा,÷स्पिनर्स के लिए यहां हमेशा ही हालात फ़ायदेमंद रहते हैं और मुझे लगता है ये स्पिनरों का विश्वकप होगा। विकेट किस तरह से बनाए जाते हैं, उससे कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता, क्योंकि ये हमेशा ही स्पिन

गेंदबाज़ों के लिए मुफीद होने वाली हैं। इस विश्वकप में स्पिनर्स की भूमिका बेहद अहम होने वाली है। जैसा कि हमने आईपीएल में देखा था कि हर बार स्पिनर्स ही टीम को वापसी दिला रहे थे। मुझे लगता है कि इस विश्वकप में भी यही तस्वीर रहेगी, टीम के बेहतरीन स्पिनर ही अपने देश को मैच में वापस लाएंगे या जीत दिलाएंगे। हालांकि राशिद की फ़्रेंचाइज़ी सनराइज़र्स हैदराबाद अंक तालिका में सबसे नीचे रही थी, लेकिन गेंद के साथ राशिद का प्रदर्शन अच्छा रहा था। युज़वेंद्र चहल और वरुण चक्रवर्ती के साथ संयुक्त तौर पर राशिद सबसे ज़्यादा विकेट (18) लेने वाले स्पिनर रहे थे। आईपीएल 2020 में भी चहल और राशिद दोनों ही सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ों की फ़ेहरिस्त में टॉप 10 में रहे थे।

वॉर्नर को कम आंकने की गलती मत करना : मैक्सवेल

अबू धाबी (वार्ता)। न्यूज़ीलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के वार्म मैच में ओपनर डेविड वॉर्नर के शून्य पर आउट होने के बाद उनके साथी खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल ने कहा है कि वॉर्नर को कम आंकना एक ग़लती होगी। वॉर्नर का फ़ॉर्म ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए लगातार चिंता का सबब बनते जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 के पहले चरण में वॉर्नर को सनराइज़र्स हैदराबाद के कप्तानी से हटा दिया गया था। दूसरे चरण में भी उन्हें सिर्फ़ दो मैच खेलने का मौका मिला जिसमें उन्होंने कुल मिलाकर दो रन बनाए। पहले अभ्यास मैच में उनके ख़राब फ़ार्म ने उनका पीछा नहीं छोड़ा और वह टिम साउदी की पहली ही गेंद पर आउट हो गए। मैक्सवेल

ने वॉर्नर के इस फ़ार्म के बारे में कहा कि वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और बहुत जल्द वह बढ़िया बल्लेबाज़ी करेंगे। मैक्सवेल ने कहा, ÷यदि आप कभी डेवी (वॉर्नर) पर संदेह करते हैं, तो यह बिल्कुल सही नहीं है। हम सभी जानते हैं कि वह बहुत जल्द वापसी करेंगे। वह तीनों प्रारूपों के सुपरस्टार हैं। उन्होंने बहुत सारे रन बनाए हैं। दुर्भाग्य से कल मार्टिन गुप्तिल के अद्भुत कैच ने उन्हें चलता किया।

खिलाड़ी रोबोट नहीं हैं, उनसे भी गलतियों की गुंजाइश : डोमिंगो

दुबई (वार्ता)। बंगलादेश पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रसेल डोमिंगो ने बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष नजमुल हसन की ओर से अल अमेरात में सोमवार को स्कॉटलैंड के खिलाफ आईसीसी टी-20 विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले में बंगलादेश टीम की असफलता के लिए कप्तान महमूदुल्लाह, शाकिब अल हसन और मुशफिकुर रहीम को आड़े हाथों लेने के बाद टीम का बचाव किया है। उन्होंने कहा है कि खिलाड़ी रोबोट नहीं हैं, उनसे भी गलतियां हो सकती हैं।

डोमिंगो ने सोमवार को नजमुल के बयान के कुछ घंटों बाद मीडिया से बातचीत के दौरान अपना पक्ष रखते हुए कहा, ÷ मैं यहां बीसीबी अध्यक्ष के बारे में बात करने नहीं आया हूं। हर एक को अपनी राय देने का हक है। मैं अपने किसी खिलाड़ी की आलोचना नहीं कर रहा हूं। मुझे उन पर पूरा भरोसा है। टीम के बाहर क्या है।

सीग्रैम्स रॉयल स्टैग ने क्रिकेट प्रशंसकों को एकजुट किया

रायपुर। सीग्रैम्स रॉयल स्टैग गर्व के साथ आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप के लिये एनर्जी से भरे कैम्पेन की घोषणा कर रहा है। यह कैम्पेन न केवल क्रिकेट के खेल का जश्न मनाता है, बल्कि वर्ल्ड कप को अपने देश लाने की टीम इंडिया की कोशिशों का समर्थन भी करता है। इस कैम्पेन में मशहूर भारतीय क्रिकेटर्स रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और सूर्यकुमार यादव के साथ-साथ ग्लोबल सुपर स्टार्स, जैसे केन विलियमसन, आंद्रे रसेल, मिशेल स्टार्क और फाफ डू प्लेसिस भी हैं। यह कैम्पेन चाहता है कि क्रिकेट के प्रशंसक वर्ल्ड कप पाने की कोशिश में लगी और नीली जर्सी पहनी भारतीय टीम के समर्थन के लिये एकजुट हों। क्रिकेट हमेशा से रॉयल स्टैग के ब्राण्ड कम्युनिकेशन में महत्वपूर्ण रहा है। विगत वर्षों में आईसीसी के साथ इस ब्राण्ड की रणनीतिक भागीदारी और विश्व के शीर्ष क्रिकेटरों के साथ इसके जुड़ाव ने दुनियाभर में क्रिकेट के प्रशंसकों के साथ इसका लगाव बढ़ाया है। इस साल यह ब्राण्ड अपने हैश-टैग #InItToWinIt के जरिये क्रिकेट से प्यार करने वाले हमारे देश की भावना को संजोना चाहता है। हैश-टैग #InItToWinIt ने हमारे देश को भारतीय क्रिकेट टीम का उत्साह बढ़ाने के लिये एकजुट कर दिया है।

तीसरी तिमाही में भी डिजिटल भुगतान में तेजी जारी

नई दिल्ली (वार्ता)। नोटबंदी के बाद डिजिटल अर्थव्यवस्था के उद्देश्य से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दिये जाने और कोरोना काल में सामाजिक दूरी बनाये रखने के कारण इस लेनदेन में आयी तेजी चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बनी रही है। फिनटेक प्लेटफॉर्म फोनपे ने आज फोनपे पल्स की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) 2021 के आंकड़ों पर आधारित डिजिटल पेमेंट ट्रेंड की घोषणा की। पल्स वेबसाइट पर किया गया नया डेटा और पल्स तिमाही रिपोर्ट के हिस्से के रूप में, उस जबरदस्त तेजी बनी हुयी है।

तीसरी तिमाही में संसाधित लेनदेन का कुल भुगतान मूल्य में तिमाही आधार पर 23.3 प्रतिशत बढ़कर 921,674 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है जबकि लेनदेन की संख्या 33.6 प्रतिशत बढ़कर 526.5 करोड़ हो गई। इन दोनों संकेतकों में निरंतर वृद्धि डिजिटल भुगतान में उपभोक्ताओं के बढ़ते विश्वास का स्पष्ट संकेत है।

बिजनेस

देश के 1,00,000 से ज्यादा मैकेनिक लर्निंग प्रोग्राम्स और लाइव मास्टरक्लासेस में शामिल होंगे

कैस्ट्रोल इंडिया ने सुपर मेकैनिक कॉन्टेस्ट का चौथा एडिशन लॉन्च किया

मुंबई। भारत की अग्रणी लुब्रिकेंट कंपनी केस्ट्रोल ने देश की सबसे बड़ी और सर्वाधिक प्रतीक्षित मेकैनिक स्किलिंग पहल, कैस्ट्रोल सुपर मेकैनिक कॉन्टेस्ट (एसएमसी) का चौथा एडिशन लॉन्च किया है। साल 2017 में लॉन्च हुई यह अत्यंत सफल पहल भारत के कार और बाइक मेकैनिक्स को अपनी कुशलताएँ निखारने, प्रतिभा दिखाने और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने के लिये एक परिपूर्ण मंच प्रदान करती है। इस साल के कॉन्टेस्ट की थीम है (सीखेंगे, जीतेंगे, बढ़ेंगे)। इस थीम उन मेकैनिकों की लगन और उत्साह को सलाम करती है जो भारत को गतिशील रखते हैं। यह कॉन्टेस्ट उन्हें ऑटोमोटिव सेक्टर में नई

प्रौद्योगिक प्रगतियों से अवगत होने और कुशलता बढ़ाने होने का मौका भी देगा। इसमें भाग लेने वाले मेकैनिक्स देश के अन्य मेकैनिक्स के साथ अपनी कुशलताओं को आजमाएंगे, ताकि 2021 कैस्ट्रोल सुपर मेकैनिक का खिताब हासिल कर सकें।

मौजूदा महामारी के बीच, सुपर मेकैनिक कॉन्टेस्ट 2021 भारत की मेकैनिक कम्युनिटी में अपनी पहुँच बढ़ाने के लिये फिजिकल और डिजिटल, दोनों माध्यमों का इस्तेमाल करेगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा मेकैनिक्स इसमें भाग ले सकें। इसका लक्ष्य होगा प्रतियोगिताओं के लिये 1,00,000 से ज्यादा मेकैनिक्स को शामिल करना। इस कॉन्टेस्ट के लिये पंजीकरण एक इंटरैक्टिव वॉइस रिस्पॉन्स (आईवीआर) राउंड और एक समर्पित वेब पोर्टल के माध्यम से होंगे, जिनमें भाषाओं के 9 विकल्प - अंग्रेजी, हिन्दी, बंगाली, तेलुगू, कन्नड़, गुजराती, मराठी, मलयालम, और तमिल - उपलब्ध होंगे। कैस्ट्रोल सुपर मेकैनिक कॉन्टेस्ट 2021 को को-क्रियेट और प्रमोट करने के लिये टीवी9 नेटवर्क के साथ साझेदारी करेगा। इसकी मेजबानी लोकप्रिय जीईसी ऐक्टर रवि दुबे करेंगे, जो 2017 में इस कॉन्टेस्ट के लॉन्च से ही इसका चेहरा रहे हैं।

इस साल के कॉन्टेस्ट में नये और रोमांचक डिजिटल टूल्स की एक रेंज होगी, जो विभिन्न चरणों में भागीदारी को ज्यादा संवादपरक और व्यक्तिपरक बनाएगी। इनमें डेली ऑटो कंटेन्ट, जो कॉन्टेस्ट से जुड़ी जानकारी देकर भाग लेने वालों से जुड़ेगा; सीसिलेवार राउंड्स में सफल होने के टिप्स, साथ ही 'मास्टर द फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट' और संभावित पुरस्कार और सम्मान सम्मिलित हैं, जो विजेताओं को दिए जाएंगे। इसके अलावा, एसएमसी 2021 में एक मोबाइल गेम भी होगा, ताकि भाग लेने वाले मेकैनिक्स विभिन्न कामों और चुनौतियों में निपुण हो सकें। बाहरी विशेषज्ञ और सुपर मेकैनिक कॉन्टेस्ट के भूतपूर्व विजेता भी भाग लेने वालों के साथ लाइव मास्टरक्लासेस की एक सीरीज चलाएंगे।

बाइक बाजार ने लॉन्च किया 'बाइक लोन पर सबका हक है' अभियान

नई दिल्ली (वार्ता)। बाइक बाजार ने सभी को दोपहिया वाहन के लिए बाइक लोन उपलब्ध कराने में मदद के उद्देश्य से आज 'बाइक लोन पर सबका हक है' अभियान शुरू किया।कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि भारतीयों के लिए दोपहिया वाहन प्रगति का एक माध्यम है। हालांकि, स्वामित्व का रास्ता लोन प्राप्त करने के मुश्किल कागजी कार्रवाई और औपचारिकताओं से भरा है। एक ब्रांड के रूप में बाइक बाजार, लोन प्रक्रिया और कागजी कार्रवाई को आसान बनाकर स्वामित्व को संभव बनाता है। कंपनी के सह संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्रीनिवास कांथेठी का कहना है ÷बाइक बाजार का लक्ष्य सभी भारतीयों के लिये बाइक लोन को उपलब्ध कराना है, क्योंकि हमारा मानना है कि हर किसी को बेहतर जिंदगी जीने और रोजगार के अवसर पाने का हक है। उन्हें संगठित वित्तीय ऋण व्यवस्था तक पहुँच नहीं होने की वजह से इससे वंचित नहीं होना चाहिये। द वोम?ब के रणनीतिक रूप से प्रासंगिक विशिष?ट रचनात्मक काम ने हमारा ध्यान अपनी तरफ खींचा। हमने अपने ब्रांड आर्किटेक्चर और नई पहचान सहित शुरूआत से अपने ब्रांड का निर्माण करने के लिये बहुत शुरुआती चरण में उन्हें शामिल किया है। बाइक बाजार, व्हील्सईएमआई प्राइवेट लिमिटेड का कंज्यूमर-फेसिंग ब्रांड नाम है और इसके प्रमुख निवेशक फेयरिंग कैपिटल और एलेवर इक्विटी है।

भूमिपूजन लोकार्पण समारोह ओटेबंध में शामिल हुए विधायक आशीष छाबड़ा

ओटेबंध को मिला 8.59 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत ओटेबध में आयोजित भूमिपूजन लोकार्पण समारोह में मुख्य आतिथ्य बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। ग्रामवासियों के द्वारा अतिथिगणों का भव्य स्वागत किया गया। सर्वप्रथम विधायक आशीष छाबड़ा ने पशु आश्रय स्थल निर्माण कार्य लागत राशि 6.59 लाख रुपए का फीता काट लोकार्पण किए, साथ ही सीसी रोड़ निर्माण कार्य 2 लाख रुपए का पूजापाठ कर भूमिपूजन किए। इस अवसर पर बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज ग्राम ओटेबंध के पावन धरा में विभिन्न विकास कार्यों का

लोकार्पण एवं भूमिपूजन का कार्यक्रम रखा गया हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी योजना अंतर्गत गौठान निर्माण कार्य एवं पशुधन विकास एवं संवर्धन का कार्य हो रहा है, साथ ही नदी नालों का भी संवर्धन किया जा रहा हैं। नरवा विकास से पेयजल, सिंचाई एवं उद्योगों को पानी की व्यवस्था सुनिश्चित होगी। प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना नरवा गरवा घुरवा बारी के तहत गोधन न्याय योजना की भी शुरुआत की गई है जिसका लाभ सीधा ग्रामीणों को हो रहा है, बहुआयामी महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी के अंतर्गत गोधन न्याय योजना से जिले के गौपालको किसानों और ग्रामीणों के लिये सार्थक हो रही है, योजना का लाभ उठाकर किसान गौठानो में गोबर विक्रय कर रहे हैं, साथ ही गुणवक्ता युक्त वर्मी कम्पोस्त खाद अपने खेतों में डालकर खेतो की उर्वकता शक्ति भी बढ़ाने की ओर अग्रसर हैं। इस योजना से ग्रामीणों में काफी उत्साह है, बारी के माध्यम से साग सब्जी के उत्पादन के साथ ही स्वः सहायता समूहों की महिलाओं आजीविका सवर्धन विविध गतिविधियां करते हुए वर्मी कम्पोस्ट खाद एव गोबर के लकड़ा व दिये तैयार करके आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रहे हैं।बेसिक स्कूल ग्राउंड में आयोजित किसान सम्मेलन में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस कार्यक्रम से छत्तीसगढ़ राज्य के गौठानों में गोबर से बिजली उत्पादन की परियोजना का वर्चुअल शुभारंभ किया। प्रदेश की सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम सुराज की परिकल्पना को साकार करते हुए गांवों को स्वावलंबी बनाने में जुटी है।

देवरबीजा के दशहरा उत्सव में शामिल हुए विधायक छाबड़ा

बेमेतरा। दशहरा उत्सव के पावन पर्व में ग्राम पंचायत देवरबीजा में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा विधायक शामिल हुए। सर्वप्रथम गांव में विराजे मां दुर्गा पंडालों व महामाया मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशाली की कामना की। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामवासियो को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम देवरबीजा के पावन भुईयां में दशहरा उत्सव सहित लोकछाया की मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है, हम सभी मिलकर विजयदशमी का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाते हैं विजयदशमी का त्योहार भारतीय संस्कृति के वीरता का पूजक, शौर्य का उपासक है।

कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देने वाले कार्यकर्ता व नेता वापस लौटे

गरियाबंद/नवप्रदेश। राजिम विधायक अमितेश शुक्ल के गतिविधियों से नाखुश ग्राम कोपरा के लगभग 200 काँग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी से इस्तीफा देने के 6 दिन बाद पुनः कांग्रेस में वापस आ गए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक अमितेश शुक्ल पर भ्रष्टाचार में ग्राम पंचायत कोपरा के सरपँच डॉली साहू का साथ देने का आरोप लगाया था जिसके बाद जिले के राजनीति में भूचाल आ गया था। कांग्रेस कार्यकर्ता के नाराज़गी से विधायक अमितेश शुक्ल की मुश्किलें बढ़ गया था।

200 कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एक साथ इस्तीफा देने से राजधानी रायपुर तक राजनीति गर्माया हुआ था। नाराज़ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मनाने प्रदेश स्तर से लगातार दबाव बना रहा,स्थानीय विधायक अमितेश शुक्ल एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष भावसिंग साहू ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू ने नाराज़ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मनाने लगातार प्रयास किया जिसके बाद विधायक अमितेश शुक्ल पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुनः भरोसा जताया है।

कोपरा गाँव के सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी ने महिला सरपंच के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर पार्टी से इस्तीफा दे दिया था, नाराज कार्यकर्ताओं ने स्थानीय विधायक अमितेश शुक्ल से भी नाराजगी जताई थी, जिसके बाद गरियाबंद जिला कांग्रेस सकते में आ गया था, क्योंकि इतने बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का इस्तीफे का ये पहला ऐसा मामला था, जिसमे पार्टी संगठन के जिला महामंत्री पद में काबिज नेताओ ने भी अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए।

बहरहाल कांग्रेस जिला अध्यक्ष भाव सिंग साहू ने बताया कि उनके पार्टी के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को दिगभ्रमित किया जा रहा था, राजिम विधायक अमितेश शुक्ल के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष भाव सिंग साहू ने स्वयं कोपरा पहुँचकर पार्टी के साथियों से मुलाकात कर उन्हें मनाने में वे कामयाब रहे उन्होंने कहा सब हमारे पार्टी के पुराने साथी है, और एक परिवार की तरह हम सब साथ रहते है, सभी नाराज साथियों को मना लिया गया है, और उन्होंने अपना इस्तीफा अब वापस ले लिया है।

बहरहाल अब ये देखने वाली बात होगी कि जिस भ्रस्टाचार के मुद्दे को लेकर चक्काजाम से लेकर प्रदर्शन और फिर इस्तीफे का दौर चला क्या अब सरपंच पर लगे आरोपों पर जांच और कार्यवाही होगी, या मामला ठंडे बस्ते में चला जायेगा ये आने वाला भविष्य में ही पता चल पाएगा।

बिजली समस्या हल नहीं होने पर अधिकारियों के घरों के बिजली काटेगी अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा

बेमेतरा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत विपणन कंपनी के डायरेक्टर को आज पत्र लिखकर बिजली आफिस के घेराव की चेतावनी दी हैं। पत्र में कहा गया है कि जिस नए रायपुर में हजार लोग भी नहीं रहते वहां की सुनसान स्ट्रीट लाइट रात भर जलती रहती है, जहां झींगुर की आवाज के अलावा कुछ सुनाई नहीं देता, वहां 24 घण्टे बिजली हैं, लेकिन जो किसान धरती के सीने को अपने खून पसीने से सींचता हैं उसे पीने के पानी के लिए भी बिजली मुहैया नहीं हैं। सरप्लस बिजली वाले राज्य की अन्नदाता अंधेरे में गुजर कर रही है, शहरी मस्ती खोर लड़के नये रायपुर के सुनसान जगमगाती रोशनी में कार और बाइक दौड़ाते हैं। थोड़े हवा

तूफान और बादल में गाँवो की बत्ती घंटो गुल रहती हैं। मुलमुला, कोसा, नरी, पंडरभट्ठा, चारभाटा सेक्टर सहित 100 से भी अधिक गांवों में बिजली की सालो से आ रही समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो बिजली दफ्तरों का घेराव होगा, जहां मर जाओ तो घण्टों कोई उठाने वाला नहीं दिखे वहां बिजली इफरात बिजली की सप्लाई हैं, जबकि हमारे गाँव के बच्चों को मोबाइल चार्ज करने के लिए भी शहर आना पड़ता हैं और ये ही असली जमीनी हकीकत है,

पूरी बरसात बिजली की आंख मिचौली ने रुलाया हैं। अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ निर्वाणी ने कहा ही कि ÷अगर गांवों के बिजली समस्या को टाइम बाउंड समय में दुरुस्त नहीं किया गया तो जिलें के विद्युत अधिकारियों के घरों के बिजली काटेगी अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा। छत्तीसगढ़ गाँवों में बसता है, छत्तीसगढ़िया की आत्मा उसके गाँवो से जुड़ी हुई है, शहरों को सजाने के फेर में गॉवों की उपेक्षा कतई बर्दास्त नहीं होगी, महासभा के प्रदेश महासचिव मोतीलाल साहू ने कहा शहरों में बिजली और गांवों में बिजली के झटके, अब झटके जिम्मेवार लोगों को लगेंगे, अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी ही चाहिये।

नवागांव में धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व

अर्जुनी- भाटापारा। विकासखण्ड के ग्राम पंचायत नवागांव में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया इस उपलक्ष्य में एकदिवसीय रामलीला मंडली का आयोजन किया गया व लंकापति राजा रावण का दहन किया गया।

इस अवसर पर भाटापारा जनपद सदस्य चन्द्रप्रकाश साहू ग्राम पंचायत नवागांव के सरपंच होरी लाल वर्मा उपसरपंच प्रतिनिधि भागवत वर्मा पूर्व सरपंच हेमकल्याण साहू, लुकेश साहू, मनोज खेतिहर, राजकुमार निषाद, रामू निषाद, द्वारिका पूरी, रिखिदास मानिकपुरी, सुमन साहू, छऊआ साहू एवं लीला मंडली के समस्त कलाकार व प्रतिनिधि गण शामिल रहे। उपरोक्तानुसार लीला मण्डली के गोपी साहू ने दीवाली पर्व पर रामलीला मंचन होना बताया।

विधायक ने रांका में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन व लोकार्पण

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक बेरला के ग्राम पंचायत रांका में आयोजित लोकार्पण भूमिपूजन समारोह में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए।

सर्वप्रथम विधायक आशीष छाबड़ा गांव में विराजमान मां दुर्गा, मां सरस्वती की दर्शन कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली सुख समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर ग्राम रांका के मन्दिर चौक पर आज एक भव्य समारोह आयोजित किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्री छाबड़ा शामिल हुए, जहां मंदिर समिति द्वारा विधायक

का स्वागत अभिनंदन किया गया।

ग्रामवासियों के मांग अनुरूप मंदिर परिसर में छत निर्माण कार्य की घोषणा की। इस अवसर पर श्रीमती हीरा वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, लूकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, नवाज खान उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, सिददीक खान सभापति, मौजीराम साहू, रामखिलावन साहू, रामकिशून साहू सरपंच प्रतिनिधि, संतोष टंडन, रजत यदू, बीरू साहू, सत्या पप्पू साहू, मेघनाथ यदू, लल्लू साहू, खेदू साहू, गणेश देवागन, श्रवण साहू, कोमल मारकंडे, रिकूं बंजारे, धनेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

हर तरफ चेक...

हैं। सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडर ने कहा, 'सीआरपीएफकी भूमिका जम्मू-कश्मी के लोगों की सुरक्षा करने की है। हम चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं, गाड़ियां चेक कर रहे हैं, अलग-अलग जगहों में सुरक्षा व्यवस्था की देखभाल कर रहे हैं और लोगों में सुरक्षा की भावना को भी बढ़ा रहे हैं।'उन्होंने आगे कहा, 'हाल में हुई नागरिकों की हत्या के बाद यहां सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। हम गाड़ियों की चेकिंग कर रहे हैं और जनता की भी तलाशी ले रहे हैं। इसके अलावा हम लोगों को यह महसूस करवाने की कोशिश कर रहे हैं कि वे यहां सुरक्षित हैं।' उन्होंने आगे बताया कि केंद्र शासित प्रदेश के लोग इसमें उनका सहयोग भी कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा, 'यह काम मुश्किल है लेकिन हाल के दिनों में हुई हत्याओं को ध्यान में रखते हुए हमारा मकसद इलाके को सुरक्षित रखना और यहां आतंकी गतिविधियों पर लगाम लगाना है।'

सीआरपीएफ के एक इंस्पेक्टर ने बताया, 'हमने यहां एक 24 घंटे वाला चेक पोस्ट बनाया है और हम सभी स्थानीय, गैर-स्थानीय लोगों की तलाशी ले रहे हैं ताकि सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।'

अब तक 25 की...

अधिक ग्रामीणों का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है। ग्रामीण पिछले 48 घंटों से नदी के बीचों बीच फंसे हुए थे। सभी गांव वालों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

रामगढ़ के गांव में फटा बादल

नैनीताल जिले के रामगढ़ के एक गांव से बादल फटने की घटना सामने आई है। कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई गई है। नैनीताल एसएसपी प्रियदर्शनी ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, नैनीताल जिले के रामगढ़ के एक गांव में बादल फटने की जगह से कुछ घायलों को बचा लिया गया है, हालांकि उनकी वास्तविक संख्या का अभी पता नहीं चल सका है।

रिजॉर्ट में फंसे 200 सैलानियों का रेस्क्यू

डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि रामनगर-रानीखेत मार्ग स्थित लेमन ट्री रिजॉर्ट में फंसे करीब 200 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। लगातार बारिश से अब तक 24 से 25 लोगों की मौत हो चुकी है। सबसे ज्यादा हताहत नैनीताल जिले में हुई। इससे पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया था कि पिछले दो दिनों में कुल 16 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य बादल फटने और भूस्खलन के बाद मलबे में दबे हुए हैं। मौसम विभाग की ओर से जारी सूचना के मुताबिक पिछले 24 घंटे में भारी बारिश से बहुत भारी बारिश हुई है। नैनीताल में 401 एमएम बारिश दर्ज हुई है जबकि पिथौरागढ़ में 212।1 एमएम, मुक्तेश्वर 340।8 एमएम बारिश हुई है।

रिसॉर्ट में घुसा कोसी नदी का पानी

नैनीताल में माल रोड और नैनी झील के किनारे स्थित नैना देवी मंदिर में पानी भर गया है, जबकि भूस्खलन के कारण एक छात्रावास की इमारत क्षतिग्रस्त हो गई है। शहर के रामनगर-रानीखेत मार्ग पर लेमन ट्री रिसॉर्ट में करीब 200 लोग फंस गए, जहां कोसी नदी का पानी रिसॉर्ट में घुस गया। इस बारे में अल्मोड़ा पुलिस ने बताया कि नैनीताल के रामनगर स्थित लेमन ट्री रिसॉर्ट से करीब 200 पर्यटकों को सुरक्षित बचा लिया गया है। एसएसपी अल्मोड़ा पंकज भट्ट स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं।

लखीमपुर हिंसाः पुलिस...

रहे हैं। माना जा रहा है कि हादसे के बाद गाड़ी से भागते बीजेपी समर्थकों को पीटा जा रहा है। मामले की जांच कर रही पुलिस ने तस्वीरों को जारी करने के साथ ही इनकी पहचान बताने वालों को इनाम देने की घोषणा की है। कहा गया है कि पहचान बताने वालों को पुलिस इनाम देगी।

इससे पहले सोमवार को खीरी पुलिस और स्वाट टीम ने सोमवार को चार लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार लोगों में भाजपा सभासद सुमित जायसवाल भी है। हिंसा के जो वीडियो वायरल हुए थे, उनमें थार जीप से निकलकर भागते हुए सुमित जायसवाल ही दिखाई दिया था। सुमित शिवपुरी मुहल्ले का सभासद है। इसके अलावा शिशुपाल, सत्य प्रकाश त्रिपाठी उर्फ सत्यम और लखनऊ के नंदन सिंह को पकड़ा गया है। पुलिस ने सत्यप्रकाश त्रिपाठी के पास से एक लाइसेंसी रिवॉल्वर और तीन गोलियां भी बरामद की हैं। मामले में अब तक दस लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

शर्लिन चोपड़ा पर...

शर्लिन के खिलाफ मुकदमे में ये भी बताया गया है कि शर्लिन ने अप्रैल के महीने में शिल्पा शेट्टी से कहा था कि उन्होंने जो शिकायत दर्ज करवाई थी वो झूठ है और वकील ने कहा था कि राज कुंद्रा के खिलाफ क्रिमिनल कम्प्लेंट लिखवा दो। साथ ही लिखा है कि शर्लिन ने शिल्पा को फोन करके कहा था कि वह खुद पर शर्मिंदा हैं और बिना किसी शर्त के शिकायत वापस ले लेंगी। राज और शिल्पा ने आरोप लगाया है कि शर्लिन ने पैसे उगाही की नीयत से 4 अक्टूबर को अपने वकील के जरिये 48,00,000 रुपये की मांग की थी।

हिंदुओं पर हमला...

के दौरान गृहमंत्री असदुज्जमान खान को उन लोगों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है जिन्होंने धर्म का इस्तेमाल कर हिंसा भड़काई थी।

केन्द्रों व राज्य में...

इस प्रकार बिलासपुर जिला का शहद, कटघोरा का शतावरी चूर्ण, अश्वगंधा चूर्ण, मरवाही जिला का सफेद मुसली चूर्ण, जशपुर जिला का च्यवनप्राश, सैनेटाइजर, राजनांदगांव जिला का महुआ स्कैस, कवर्धा जिला का शहद तथा बालोद जिले के महुआ चटनी, महुआ अचार उत्पाद आदि भी शामिल है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा पत्र

रा.प्र.क्र./रजि. नंबर 202110100400211

पक्षकार का नाम- श्री पवन कुमार गुल्ला पेल्ली

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री पवन कुमार गुल्ला पेल्ली आ. श्री गुल्ला पेल्ली राजन बाबू, निवासी क्वा.नं. 6 बी, सड़क 52 सेक्टर 08 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/ 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
रिसाली प.ह.न 22 तह.व जिला दुर्ग	662/17	0.014हे. 1500 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला-दुर्ग

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 266/2021-22

वार्ड का नाम- वीर सावरकर नगर-1

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वीर सावरकर-1 स्थित मकान/ भूमि एमडी-57 जो कि निगम अभिलेख में श्री बलविंदर सिंग नोत्रा s/o गुरूदेव सिंग नोत्रा के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती संगीता पति मोरध्वज मिश्रा, धीरज पिता मोरध्वज, अंकित s/o मोरध्वज मिश्रा ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 267/2021-22

वार्ड का नाम- वीर सावरकर नगर-1

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वीर सावरकर-1 स्थित मकान/ भूमि ईडब्ल्यूएस-2147 जो कि निगम अभिलेख में श्री शाहनेयाज अख्तर पिता अब्दुल हफीज के नाम से दर्ज है, जिसको श्री विनय कुमार तिवारी पिता बृजलाल, अर्चना तिवारी पति विनय कुमार तिवारी ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी मर्यादित, कवर्धा
(छ.रा.वि. मण्डल की उत्तरदायी कंपनी, छ.ग. शासन का एक उपक्रम)

क्रमां-054/4600/सामा./मेंटनेंस/2410 कवर्धा, दिनांक 18/10/2021

आवश्यक-सूचना

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड कवर्धा (जोन) के अंतर्गत आने वाले समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, दीपावली पूर्व लाईन मेंटनेंस का कार्य निम्नानुसार दर्शाए गए दिनांक को किया जाना प्रस्तावित है। जिसके कारण दर्शाए गए दिनांक को प्रभावित क्षेत्र में सुबह 10.00 बजे से 4.00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

क्र.	दिनांक व दिन	11 के.वी. फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	21.10.2021 गुरूवार	रामनगर	लोहारा रोड, कैलाश नगर, रामनगर सुमित बाजार, तुलसी नगर, लोहार नाका के अंतर्गत समस्त क्षेत्र
2	22.10.2021 शुक्रवार	टाउन 1	आदर्श नगर, बस स्टैण्ड, नवीन बाजार, रायपुर रोड, दर्रीपारा, महावीर स्वामी चौक, गांधी मैदान चौक
3	23.10.2021 शनिवार	टाउन 2	आदर्श नगर, पुलिस कोतवाली, पीजी कालेज, राधाकृष्ण वार्ड, जमात पारा, सराफ लाईन, ठाकुर पारा, कबीर पारा, मिनीमाता चौक, एच.डी.एफ.सी. बैंक, कन्हैया टावर, बजरंग चौक, जामा मस्जिद
4	24.10.2021 रविवार	वी.आई.पी. फीडर	प्रोफेसर कालोनी, जिला कलेक्टर कार्यालय, जिला अस्पताल, एस.पी. आफिस लालपुर रोड आशा नगर
5	25.10.2021 सोमवार	जे.डी. फीडर	रविदास नगर, जी. श्याम नगर, कृष्णा विहार, छिरपानी कालोनी, प्रोफेसर कालोनी, आनंद विहार कालोनी, जिला पंचायत कार्यालय
6	26.10.2021 मंगलवार	हाउसिंग बोर्ड	बिलासपुर रोड, बायपास रोड, रायपुर रोड, तिगड्डा, न्यू पुलिस लाईन, मंडी हाउसिंग बोर्ड कालोनी, नंदी विहार कालोनी, ट्रांसपोर्ट नगर
7	27.10.2021 बुधवार	राममंदिर	मंजगांव रोड, राजमहल कालोनी, राजमहल चौक, जमात मंदिर, पैठुपारा
8	28.10.2021 गुरूवार	दशरंगपुर	शांति दीप कालोनी, शिवाजी कालोनी, घोटिया रोड, नवीन बाजार, जुनवानी रोड
9	29.10.2021 शुक्रवार	कचहरीपारा	कचहरीपारा, मठपारा, गुप्ता पारा, पैठूपारा
10	30.10.2021 शनिवार	समनापुर	समनापुर समस्त क्षेत्र बस्ती

असुविधा के लिए खेद है। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि., कवर्धा

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग, दुर्ग

// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //

ज्ञाप क्रमांक -10983/व.ले.लि./लेखा खण्ड/2021-22 दुर्ग, दिनांक 12/10/2021

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी (अ से द) में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लो.नि.वि. रायपुर द्वारा जारी भवन/सड़क SOR दिनांक 01.01.2015 तथा निविदा तक जारी संशोधन के अंतर्गत मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 25/10/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि :- 29/10/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 08/11/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 09/11/2021 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाख में)
15 T0192	उपसंभाग क्रं. 1 दुर्ग के अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री का प्रदाय (प्रथम आमंत्रण)	10.00
15 T0193	उपसंभाग क्रं. 2 दुर्ग के अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री का प्रदाय (प्रथम आमंत्रण)	10.00
15 T0194	उपसंभाग क्रं. 3 दुर्ग के अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री का प्रदाय (प्रथम आमंत्रण)	10.00
15 T0195	उपसंभाग पाटन के अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री का प्रदाय (प्रथम आमंत्रण)	10.00

☐ General Condition ☐ Plant Condition ☑ Special Condition

नोट :- निविदा संबंधी निम्न शर्तें आवश्यक होगी।

1. बाजार सामग्री सप्लाई हेतु लो.नि.वि. में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं स्थानीय विक्रेताओं (जिनका स्वयं का बाजार सप्लाई से संबंधित विक्रय हेतु जिला-दुर्ग में दुकान) को ही निविदा प्रपत्र प्रदाय किया जावेगा।
2. दुकान का अनुविभागीय अधिकारी से सत्यापन प्रमाण पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत किया जावें।
3. नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा प्राप्त गोमास्ता लायसेंस की प्रति संलग्न किया जावें।
4. अन्य निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाइट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-64503/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग दुर्ग

कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष (जिला निर्माण समिति) जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

// मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण //

एन.आई.टी. क्रमांक 17/जि.नि.सं./निविदा/2021 कोण्डागांव, दिनांक 12.10.2021

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से कार्यालय जिला निर्माण समिति कोण्डागांव के कार्यालय मे दो लिफाफा पद्धति से मुख्य अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दिनांक 01.06.2015 से प्रचलित व प्रभावशील दर अनुसूची एवं प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर (छ.ग.) के द्वारा जारी भवन-सड़क-पुलिया निर्माण कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 तथा विद्युतीकरण कार्य हेतु दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील दर अनुसूची निविदा आमंत्रित तिथि तक संशोधित दर अनुसूची पर निविदा प्रपत्र अ में प्रतिशत के आधार पर दर निम्नांकित कार्यो के लिए लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है।

01. कार्यालय में निविदा लिफाफे प्राप्ति की अंतिम तिथि - 11/11/2021 संध्या 5.00 बजे तक।
02 कार्यालय में निविदा लिफाफे खोले जाने की तिथि - 12/11/2021 प्रातः 11.30 बजे।

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रा. रु. लाख में)	टीप
1	2	3	4
01	जिला कोण्डागांव अंतर्गत विकासखण्ड फरसगांव स्थित तहसील कार्यालय फरसगांव में विकासखंड, अनुविभाग स्तरीय विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रशिक्षण हाल के निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित	17.17	प्रथम आमंत्रण
02	जिला कोण्डागांव अंतर्गत विकासखण्ड केशकाल स्थित तहसील कार्यालय केशकाल में विकासखंड, अनुविभाग स्तरीय विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रशिक्षण हाल के निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित	8.81	द्वितीय आमंत्रण
03	जिला कोण्डागांव अंतर्गत विकासखण्ड बड़ेराजपुर (विश्रामपुरी) स्थित तहसील कार्यालय बड़ेराजपुर (विश्रामपुरी) में विकासखंड, अनुविभाग स्तरीय विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रशिक्षण हाल के निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित	9.20	द्वितीय आमंत्रण
04	जिला कोण्डागांव अंतर्गत विकासखण्ड माकड़ी स्थित तहसील कार्यालय माकड़ी में विकासखंड, अनुविभाग स्तरीय विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रशिक्षण हाल के निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित	8.81	द्वितीय आमंत्रण

टीप :- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञिप्ति (परिशिष्ट-2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) एवं अन्य जानकारियां कार्यालयीन अवधि में कार्यालय- जिला निर्माण समिति, जिला कोण्डागांव में अथवा आनलाईन kondagaon.gov.in वेबसाइट में दिनांक 21.10.2021 से देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

जी-64524/2

कलेक्टर एवं अध्यक्ष
जिला निर्माण समिति
जिला कोण्डागांव

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

■ न्यूज गैलरी

राजा खड्ग राज सिंह निकले शाही सवारी में एक झलक पाने उमड़ी लोगों की भीड़, धूमधाम से मनाया गया दशहरा

कवर्धा (नव प्रदेश)। सहसपुर लोहारा में दशहरा का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया ,बताया जाता है कि सहसपुर लोहारा में दो दिवस तक दशहरे का आयोजन किया जाता है जिसमें हजारों से ज्यादा की संख्या में लोग शामिल होते हैं इस दिन सहसपुर लोहारा के राजा खड्ग राज सिंह अपनी शाही सवारी में नगर भ्रमण के लिए निकलते हैं जगह जगह राजा का स्वागत सत्कार किया जाता है वही इन्हें नरियल भेंट कर अभिवादन भी किया जाता है सहसपुर लोहारा के दशहरे में काफी रौनक होती है, शनिवार के दिन धूमधाम से दशहरा का पर्व मनाया गया लोगों में काफी उत्साह भी देखा गया तथा दूरदराज से पहुंचे हुए लोगों ने राजा से मुलाकात कर परंपरा अनुसार बधाई ज्ञापित करते हुए आशीर्वाद भी प्राप्त किया ,राजा ने सभी को दशहरे की बधाई दी वहीं लोगों से उनका हाल-चाल भी जाना सहसपुर लोहारा के राजा खड्ग राज सिंह अपनी सरल स्वभाव के नाम से जाने जाते हैं लोग अपनी बातों को बड़ी आसानी से बिना हिचकिचाहट राजा के पास रखते भी हैं और श्री खड़ग राज के द्वारा उनकी समस्याओं का समाधान भी कर दिया जाता है । राजा की छवि सरल सहज है जिसके चलते सभी लोग इनसे जुड़े हुए हैं विधिवत राजा दशहरे के दिन कार्यक्रमों में शामिल हुए और धूमधाम से दशहरे का पर्व सहसपुर लोहारा में मनाया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बच्चों का मुंह मीठा कर ईद-ए-मिलाद उन नबी की दी बधाई

कवर्धा (नव प्रदेश)। ईद-ए-मिलाद उन नबी के अवसर पर जिले में कड़ी पुलिस व्यवस्था के बीच शांति पूर्वक ईद का त्यौहार मुस्लिम समाज के द्वारा मनाया गया। कबीरधाम जिले की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे के द्वारा शहर के मुस्लिम बंधुओं एवं बालक बालिकाओं को मुंह मीठा करा ईद की शुभकामनाएं देकर शासन प्रशासन के द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिस पर मुस्लिम बंधुओं के द्वारा जिला प्रशासन की व्यवस्थाओं के लिए आभार व्यक्त किया गया और सभी जिले वासियों को ईद की शुभकामनाएं देकर आपसी भाईचारा को बनाए रखने अपील किया गया। साथ ही पुलिस प्रशासन के समस्त अधिकारी कर्मचारियों को ड्यूटी पर मुस्तैदी से तैनात रहकर अपनी बेहतर सेवाएं जिले वासियों को प्रदान करने के लिए मुस्लिम बंधुओं के द्वारा मुंह मीठा करा खाकी को गले लगा कर ईद की बधाई देकर धन्यवाद दिया गया।

शासन द्वारा जिले में पुनर्वास योजना के तहत समस्त 116 नक्सल पीड़ितों को दी गई सुविधाएं

राजनांदगांव (नव प्रदेश)। शासन द्वारा जिले में नक्सल पीड़ितों को पुनर्वास योजना के तहत सुविधाएं एवं आर्थिक सहायता प्रदान की गई हैं। शासन द्वारा नक्सल पीड़ितों को मुख्यधारा से जोड़ने तथा उनके पुनर्वास के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। राजनांदगांव जिले में पुनर्वास योजना के तहत कुल 116 नक्सल पीड़ितों को सुविधाएं दी गई हैं। जिसमें 72 को शासकीय नौकरी, 17 को निजी क्षेत्र में नौकरी प्रदान की गई है। राज्य शासन द्वारा 99 नक्सल पीड़ितों को 1 करोड़ 72 लाख रूपए तथा केन्द्रीय आर्थिक सहायता के तहत 29 नक्सल पीड़ितों को 1 करोड़ 1 लाख रूपए की सहायता दी गई है। 4 नक्सल पीड़ित बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कालरशिप अथवा राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भाव संस्थान से आर्थिक सहायता दी गई। वहीं 116 नक्सल पीड़ितों को मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजनांतर्गत राशन कार्ड तथा आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। 95 पीड़ितों को यात्री बसों में 50 प्रतिशत की छूट दी गई है।

राज्योत्सव 2021 के अवसर पर एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

राजनांदगांव (नव प्रदेश)। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने राज्य शासन के निर्देशानुसार राज्योत्सव 2021 के आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। राज्योत्सव 2021 के अवसर पर 1 नवम्बर 2021 को जिला मुख्यालय स्थित पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे गए है।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा (नव प्रदेश)। प्रेमजाल में फांसकर शादी का प्रलोभन देकर युवती के साथ दुष्कर्म के आरोपी को ग्रामीण पुलिस ने रिपोर्ट के 4 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया है। उपरोक्त संबंध में ग्रामीण थाना प्रभारी रोशन सिंह राजपूत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक आईके एलेसेला द्वारा जिले में महिला एवं बच्चों के विरुद्ध घटित अपराधों में ततपरतापूर्वक आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए है जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पितांबर पटेल एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी भाटापारा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रोशन राजपूत थाना भाटापारा ग्रामीण द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़िता को प्रेम जाल में फंसा कर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को सूचना मिलने के महज 04 घंटे के भीतर बेमेतरा से गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी रोशन सिंह ने बताया कि रविवार को प्रार्थीया पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि एक लड़के से मोबाइल के जरिए पहचान हुआ जो अपना नाम संजय मखीजा निवासी बेमेतरा का रहने वाला बताया मोबाइल से बात करते करते वह मुझे पसंद करता हूं शादी करना चाहता हूं कहकर अपने मोबाइल नंबर से लगातार बात करता था।

माहेश्वरी महिला मंडल रास गरबा विजेताओं को सीमा मल ने बांटा पुरस्कार

भाटापारा (नव प्रदेश)। माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा गरबा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भाटापारा के 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें 7 प्रतिभागियों को चांदी का 10 ग्राम, 5 ग्राम और 2 ग्राम का सिक्का प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा राज कुमार मल द्वारा दिया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मेघा गुप्ता, द्वितीय निशिता डागा तथा तीसरा विधि केशरवानी को मिला। इसके अलावा एनर्जेटिक गरबा प्रियंका शुक्ला को, संतूर गरबा आरती गांधी को वेल ड्रेस क्वीन साक्षी झवर, चाइल्ड आर्टिस्ट करिश्मा, शीतल सोनी और बेस्ट ऑफ आल में रिया साहू को मिला। माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्षा सुनीता चांडक सहित महिला मंडल की वर्षा नत्थानी, स्वरूपा मल, श्रीलेखा मूंदड़ा, संजना भट्टर ने सभी को धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री करेंगे धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर का शुभारंभ

अब आसानी से लोगों को मिलेगी सस्ती दवा, खर्च का बोझ होगा कम

नव प्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ प्रदेश के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता की जेनरिक दवाईया सस्ती दरों पर आधी कीमत में सुलभता से उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकान योजना छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रारंभ की जा रही है, योजना का शुभारंभ 20 अक्टूबर को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर के रूप में किया जायेगा। जिलाधीश तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में राजनांदगांव जिले के नगरीय निकायों में भी धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर प्रारंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सस्ती दवा योजना प्रारंभ करने पर महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया है।

धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर के संबंध में नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में नागरिकों को सुगमता से स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने शासन द्वारा मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकान योजनांतर्गत धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर के माध्यम से लोगों को आधी कीमत में दवा उपलब्ध कराने 20 अक्टूबर 2021 से सस्ती दवा दुकान प्रारंभ किया जा रहा है। योजना के क्रियान्वयन के तहत राजनांदगांव शहर एवं जिले में धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर खोले जाने जिलाधीश तारन प्रकाश सिन्हा ने निर्देश दिये थे, निर्देश के अनुक्रम में जिले के नगरीय निकायों में नगर पालिका परिषद खैरागढ़ एवं डोंगरगढ़ में 1-1 दुकान, नगर पंचायत डोंगरगांव , अम्बागढ़ चौकी, छुरिया, छुईखदान व गंडई में 1-1 दुकान एवं नगर निगम सीमाक्षेत्र में 02 दुकान कुल 09 दुकान प्रारंभ किया जाना है। जिसमें से 05 दुकान राजनांदगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़ व डोंगरगॉव में दुकानों के लिये निविदा दर प्राप्त हो गयी है। जहाँ 20 अक्टूबर से दुकाने संचालित की जायेगी एवं शेष नगरीय निकायों के 04 दुकानों के लिये द्वितीय निविदा आमंत्रित किया गया है। निविदा प्राप्त होते ही वहा भी दुकानें संचालित की जायेगी।

आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि राजनांदगांव निगम सीमाक्षेत्र में दो स्थानों पर रेल्वे स्टेशन टेक्सी स्टैण्ड के पास एवं कमला कालेज रोड हाउसिंग बोर्ड कालोनी के पास 20 अक्टूबर से धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर प्रारंभ हो जायेगी। उक्त दुकानों का गत दिनों जिलाधीश श्री सिन्हा जी के द्वारा निरीक्षण भी किया गया था। जहाँ मरीजो को अधिकतम खुदरा बिक्री मूल्य (एमआरपी) में 50 प्रतिशत से अधिक छुट दी जायेगी। इन दुकानों में देश की ख्याति प्राप्त कम्पनियों की जेनरिक दवाईया सुगमता से उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा आम बीमारी सर्दी, खासी, बुखार सहित गंभीर बीमारियों की दवाईया भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि आज गरीब परिस्थिति के अलावा समान्य परिस्थिति के लोग भी ईलाज कराने में असमर्थ रहते है, धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर के माध्यम से अब उन्हें सस्ती दवाईया आधी कीमत में सुगमता से मिल जायेगी, जिससे उन्हें आर्थिक बोझ से राहत मिलेगी।

दीपावली के पूर्व नागरिकों को मिली सौगात

महापौर श्रीमती देशमुख ने बताया कि वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के कारण जन एवं धन की हुई हानि को देखते हुये विभिन्न प्रकार के जॉचों एवं दवाईयों की सुलभ व सस्ती वैकल्पिक व्यवस्था की आवश्यकता है तथा लोगों में जेनरिक दवाईयों की मांग भी बढ़ रही है। जिसे ध्यान में रखते हुये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना प्रारंभ की जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर मोबाईल युनिट के माध्यम से ईलाज की व्यवस्था मुहैया कराई गयी और अब प्रदेश के नागरिकों को सस्ती दवा उपलब्ध हो सके इसके लिये मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकान योजना प्रारंभ की जा रही है। जिसके तहत धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर 20 अक्टूबर से प्रारंभ किया जा रहा है। जिसमें आम जनता को ब्रांडेड जेनरिक दवाईया एवं सर्जिकल आइटम्स सस्ती दरों पर सुलभता से प्राप्त हो सके। उक्त दुकान में सस्ती दवाईयों के अलावा जनरल आइटम, जैसे रिंगगार्ड, बाम, आयोडेक्स, विक्स वेपोराइजर, इनहेलर्स, डेटॉल, इच गार्ड, वेपोराईजर मशीन, सेनेटरी पैड, मास्क, सेनेटाईजर, आदि भी प्राप्त हो सकते है। महापौर श्रीमती देशमुख ने मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकान योजना प्रारंभ करने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि संवेदनशील मुख्यमंत्री ने हर परिस्थति में नागरिकों का हित ध्यान में रखकर कार्य किया है, उनकी सोच प्रदेश के गरीब से गरीब व्यक्ति को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना है। जिसे ध्यान में रखते हुये उन्होंने शहरी क्षेत्रों में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, सिटी डायग्नोस्टिक सेन्टर, दाई-दीदी क्लीनिक आदि के माध्यम से जमीनी स्तर पर नागरिकों को सुविधा उपलब्ध कराया है और अब आधी कीमत में दवा उपलब्ध करानें धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर खोला जा रहा है।

महापौर ने सीमेंट रोड निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

नव प्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। महापौर हेमा देशमुख द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड नं. 12 स्थित शिक्षक नगर में अधोसंरचना मद अंतर्गत 5 लाख रुपए की लागत से सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन पूजा अर्चना कर श्रीफ ल फोड़ कर किया गया। इस अवसर पर राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य विनय झा, जिला योजना समिति के सदस्य व वार्ड पार्षद सिद्धार्थ डोंगरे, पार्षद पूर्णिमा नागदेव विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में वार्ड के मनीष गौतम, दिलीप चंद्राकर, परवेज खान, बिहारी मेश्राम, दीपक गनवीर द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने शिक्षक नगर में सीमेंट कांक्रीटीकरण निर्माण कार्य का पूजा अर्चना कर, श्रीफल फोड़ कर, गैती चलाकर भूमिपूजन किया।

महापौर ने कहा कि वार्डवासियों की मांग एवं वार्ड पार्षद की अनुशंसा सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कराया जा रहा है। उक्त कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ कर पूर्ण किया जायेगा। प्राथमिकता के आधार पर इसी प्रकार वार्ड में अन्य कार्य कराये जायेंगे। इस अवसर पर उप अभियंता सुश्री पिंकी खाती एवं निगम का अमला सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

धनीराम साहू के नेतृत्व में भाजपा ने किया विरोध प्रदर्शन

भाटापारा (नव प्रदेश)। पत्थलगांव में घटी घटना में गंभीर रूप से घायल हुए एवं मृत व्यक्ति के लिए भाजपा निपनिया मंडल अध्यक्ष धनीराम साहू के नेतृत्व में भाजपा द्वारा करहीबाजार चौक में प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर प्रत्येक घायल को 5 लाख एवं मृत व्यक्ति को 1 करोड़ मुआवजा राशि देंने की मांग की गई। वहीं भाजपा नेताओं ने कहा कि जब तक मांग पूरा नहीं होता पूरे प्रदेश में उग्र आन्दोलन करेगा। विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में निपनिया मंडल के अध्यक्ष धनीराम साहू के अलावा महामंत्री मथुरा यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष सियाराम चक्रधारी, राजेश पटेल, करही बाजार सरपंच, उप सरपंच शैलेन्द्र महाराज, उपाध्याय मलिक, राम साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष टिक्की वर्मा, गोविंदा वर्मा, कन्हैया ध्रुव एवं अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया।

जंगल में जुआ खेल रहे 12 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा, 74 हजार जब्त

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अभियान चलाकर की जा रही कार्रवाई

नव प्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। जिले के पुलिस कप्तान डी. श्रवण के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डोंगरगढ़ जय प्रकाश बढ़ई के मार्गदर्शन व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डोंगरगढ़ केके पटेल के दिशा-निर्देश पर जिले में अवैध, जुआ, सट्टा, शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी निरीक्षक शिव चंद्रा के नेतृत्व में थाने की टीम द्वारा 18 अक्टूबर 2021 की रात्रि को बछेराभाठा घने जंगल पर 12 जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ा गया। कार्यवाही के दौरान जुआरियों से कुल 73,500 रूपये नगदी 52 पत्ती ताश, तिरपाल, बैटरी, बल्प, टार्च जप्त कर जुआरियों के विरूध्द अपराध क्रमांक 606/2021 धारा 13 जुआ एक्ट कायम किया गया। जुआरियों द्वारा कुछ दिनों से भरीटोला, बछेराभाठा, करवारी के घने जंगलों में जगह बदल-बदल कर जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हो रही थी, जिसे डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा चैलेंज के रूप में लेते हुये 18 अक्टूबर 21 की रात्रि जुआ खेलने की सूचना मिलने पर बिना विलंब किये पुलिस पार्टी रवाना होकर घने जंगल को घेराबंदी कर जुआरियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है।

उक्त कार्यवाही में उनि बलीराम बिसन,0 प्रधन आरक्षक रोहित पडोती, महिला प्रधान आरक्षक एपी शीला, प्रधान आरक्षक परमेश्वर यादव, आरक्षक जगेन्द्र भारद्वाज थाना डोंगरगढ़ पुलिस की भूमिका सराहनीय रहा।

नगर निगम की सामान्य सभा 23 को, 19 विषयों पर होगी चर्चा

नव प्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। नगर पालिक निगम की सामान्य सभा की बैठक 23 अक्टूबर शनिवार को पूर्वान्ह 10.55 बजे से नगर निगम के सभागृह में आहुत की गई है। बैठक में नगर विकास से संबंधित 19 विषयों पर विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया जायेगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए निगम अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता ने बताया कि सामान्य सभा की बैठक के प्रारंभ में लोक सेवा केन्द्र से आनलाईन प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदन की स्वीकृति एवं अनुमोदन के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया जाएगा तथा शासकीय विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव का नामकरण स्व. कन्हैयालाल अग्रवाल के नाम पर किये जाने, नगर के किसी एक मार्ग का नामकरण अणुव्रत मार्ग किये जाने, आरके नगर चौक का नामकरण महाराणा प्रताप जी के नाम पर किये जाने, स्टेडियम रोड कमला कालेज तिराहा का नामकरण स्वामी विवेकानंद जी के नाम से किये जाने, वार्ड नं. 37 स्थित हाट बाजार का नामकरण शहीद संदीप यदू के नाम से किये जाने, वार्ड नं. 35 लखोली वार्ड का नामकरण भक्त माता कर्मा वार्ड लखोली किये जाने एवं वार्ड नं. 23 स्टेडियम वार्ड में नव निर्मित आनंद वाटिका का नामकरण भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के नाम से किये जाने के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया जायेगा। निगम अध्यक्ष श्री धकेता ने बताया कि निगम स्वामित्व की नया बस स्टैण्ड जेल रोड के पास नव निर्मित दुकानों भूतल में 10 तथा प्रथम तल में 11 दुकानों का प्रीमियम व किराया निर्धारण, नया बस स्टैण्ड मोती तालाब के पास नव निर्मित दुकानों भूतल में 08 व प्रथम तल में 05 दुकानों का प्रीमियम व किराया निर्धारण के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया जायेगा। साथ ही हाट बाजार के प्रथम तल की रिक्त दुकानों के प्रीमियम व प्रीमियम एवं वार्षिक व मासिक किराया निर्धारण किये जाने चर्चा उपरांत निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि भैंसा कोठा स्थित व्यवसायिक परिसर के शेष दुकानों की नीलामी से प्राप्त उच्चतम बोली की स्वीकृति तथा दिल्ली दरवाजा स्थित नव निर्मित दुकानों के सार्वजनिक घोष विक्रय द्वारा खुली नीलामी से प्राप्त उच्चतम दर पर विचार कर चर्चा उपरांत निर्णय लिया जावेगा।

आयोडीन अल्पता विकार पर नियंत्रण के लिए लोगों को किया जाएगा जागरूक

नव प्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जिले में 21 से 27 अक्टूबर तक आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण सप्ताह मनाया जाएगा। इस अवसर पर शरीर में आयोडीन की औसत मात्रा में उपलब्धता के लिए जनजागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोडीन की कमी की वजह से कई तरह के रोग होते हैं। खासकर गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के लिए आयोडीन जरूरी पोषक तत्वों में से एक है। इसके बावजूद लोगों को जानकारी नहीं होने की वजह से आयोडीन अल्पता विकार एक प्रमुख स्वास्थ्य समस्या बन गया है। इसी के मद्देनजर 21 अक्टूबर को प्रतिवर्ष वैश्विक आयोडीन अल्पता विकार निवारण दिवस मनाया जाता है। साथ ही आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कोरोना से बचाव संबंधी आवश्यक नियमों का पालन करते हुए इस वर्ष भी जिले में आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण सप्ताह मनाया जाएगा। वैश्विक आयोडीन अल्पता विकार निवारण दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में राजनांदगांव के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया, आयोडीन अल्पता विकार एवं आयोडीन युक्त नमक के सेवन के संबंध में जन-जागरूकता लाने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं।

शिवरीनारायण के नए तहसीलदार ने लिया चार्ज

जांजगीर-चांपा (नव प्रदेश)। शिवरीनारायण के नव नियुक्त तहसीलदार संदीप कुमार साय ने सोमवार को चार्ज सम्हाला। तहसीलदार ने चार्ज लेने के पहले भगवान शिवरीनारायण मंदिर जाकर आशीर्वाद लिया। चार्ज लेने के बाद तहसील कार्यालय का भ्रमण किया। अधिवक्ता संघ की ओर से नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र तिवारी के नेतृत्व में बुके भेंट कर नए तहसीलदार का स्वागत किया गया। नए तहसीलदार के चार्ज लेने पर राजस्व विभाग की टीम आर आई,पटवारियों द्वारा बुके भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान रीडर अरविंद यादव, हेमलता बंजारे, रमाशंकर नोनिया, पटवारियों में विश्वनाथ नोनिया, गोपाल राठौर, मुकेश पाटिल, चन्द्रशेखर कश्यप, प्रकाश मानिकपुरी, अम्बुज शर्मा, अधिवक्ताओं में जितेन्द्र तिवारी, एमआर कश्यप, डीएन मांडले समेत अन्य उपस्थित थे।

राजनीति | सरकार की योजनाओं को समाज की अंतिम कड़ी तक पहुंचाने का आह्वान किया गया

महिला कांग्रेस की पर्यवेक्षक के प्रथम नगर आगमन पर भव्य स्वागत

नव प्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कॉंग्रेस की अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम के निर्देशानुसार 18 अक्टूबर को राजनांदगांव जिला महिला कॉंग्रेस (ग्रामीण) की अध्यक्ष रामछत्री चन्द्रवंशी तथा शहर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रोशनी सिन्हा के संयुक्त नेतृत्व में महिला कांग्रेस राजनांदगांव की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव जिला महिला कांग्रेस की पर्यवेक्षक सुनीता परघनिया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका निगम राजनांदगांव की महापौर तथा प्रदेश महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष हेमा देशमुख, सरिता पांडेय एवं डॉ. सीमा साहू उपस्थित रही।

महिला कांग्रेस राजनांदगांव द्वारा पर्यवेक्षक का जोरों-शोरों से स्वागत किया गया। पर्यवेक्षक द्वारा प्रथम आगमन पर ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को संगठन से जोड़ने के साथ महिला कांग्रेस को सशक्त बनाने की बात कही गयी। पर्यवेक्षक ने आश्वस्त किया कि आगामी चुनाव में महिलाओं की भूमिका ज्यादा से ज्यादा रहेगी। पर्यवेक्षक द्वारा 2023 के विधानसभा चुनाव को केंद्र में रखते हुए कांग्रेस पार्टी की महत्वपूर्ण योजना एक बूथ से 10 महिलाओं को जोड़ने के निर्देश दिए गए तथा भूपेश बघेल सरकार की योजनाओं को समाज की अंतिम कड़ी तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। प्रभारी के प्रथम आगमन महिलाओं में अत्यंत हर्ष था।

इस अवसर पर पर महिला कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारी विभा साहू महासचिव, श्रुति शुक्ला प्रवक्ता, नलिनी मेश्राम तथा प्रज्ञा गुप्ता, खैरुन निशा, कुसुम दुबे सचिव, शहर ब्लॉक अध्यक्ष पार्षद दुलारी साहू, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष चन्द्रिका वर्मा, मीना मांझी, अनिता धावड़े, जमुना साहू, संध्या साहू, जिला कार्यकारिणी से वीणा सिन्हा, किरण मेश्राम, कांति भंडारी, दशमत, शहर कार्यकारिणी से निशा साहू, निखत परवीन खान, दुलारी साहू, माया शर्मा, शबीना नशरीन, रीना पटेल, सुनीता सिन्हा, फरहा खान, श्वेता साहू, उर्मिला देशलहरे, बिरझा साहू, घसनिन साहू, मंजूषा मंडेल, प्रीति शर्मा, अंजनी सिन्हा, सिम्मी अली, शाहिना कुरैशी, उर्वशी साहू, रंजनी साहू, रश्मि चौधरी, पूर्णिमा नागदेवे, माधवी बंसोड़, सुशीला भूनेश्वरी, अनिता सिन्हा, सुशीला, सरिता साहू, ललिता साहू, दुर्गा देवांगन, चन्द्रिका राजपूत, सलमा बानो, लीला साहू उपस्थित थे। बैठक में अतिथि के रूप में शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद कुलबीर छाबड़ा, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन भी उपस्थित हुए। उक्त जानकारी जिला महिला कॉंग्रेस (ग्रामीण)की प्रवक्ता हिमानी वासनिक द्वारा दी गई।

शहर महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी विस्तार

पर्यवेक्षक के प्रथम आगमन पर शहर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रोशनी सिन्हा द्वारा महिला कांग्रेस को मजबूती प्रदान करते हुए शहर महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी विस्तार करते हुए पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र वितरित किया गया।

सब्बो स्वस्थ - जम्मो सुग्घर

श्री धन्वंतरी

+ जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना +

शुभारंभ
20 अक्टूबर, 2021

169 शहरों में **188** श्री धन्वंतरी मेडिकल स्टोर चिन्हांकित

300 से ज्यादा किस्मों की दवाइयां, सर्जिकल आइटम्स एवं हर्बल उत्पाद होंगे उपलब्ध

न्यूनतम **50%** की छूट में मिलेंगी गुणवत्तायुक्त दवाइयां

देश के **20** प्रतिष्ठित दवा निर्माताओं की दवाइयां होंगी उपलब्ध

सभी आय वर्ग के लोगों को **कम कीमत** पर दवा उपलब्ध कराना ही मुख्य उद्देश्य

Live @ChhattisgarhCMO

हमने सबकी अच्छी सेहत के लिए जांच और उपचार की नि:शुल्क सेवाओं को गांवों, बस्तियों, बसाहटों, हाट-बाजारों तक पहुंचाया है। अब हम मंहगाई के दौर में सस्ती दवाओं का इंतजाम कर रहे हैं ताकि अच्छी गुणवत्ता की दवाओं तक सबकी पहुंच सुनिश्चित हो।

भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

संवाद-30217

सेवा-जतन-सरोकार, छत्तीसगढ़ सरकार